दैनिक पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 343 | ग्वालियर, 9 अक्टुबर सोमवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

न्यूज ट्रैक

10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। केंद्र सरकार लगातार छात्रों के तनाव को कम करने के लिए काम कर रही है. इसके तहत नई शिक्षा नीति को लागू किया गया है. वहीं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नया पाठ्यक्रम ढांचा लॉन्च किया था. अब इसी से संबंधित बड़ा अपडेट सामने आ रहा है. इसके अनुसार छात्रों को साल में दो बार बोर्ड परीक्षा में उपस्थित नहीं होना होगा. इस बात की जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दी हैं. इसके अलावा कोटा में हो रहे सुसाइड पर भी जानकारी दी. केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि छात्रों को 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षा के लिए साल में दो बार बैठना अनिवार्य नहीं होगा. मंत्री धर्मेंद प्रधान ने ये बातें एक इंटरव्यू के दौरान कही है. नई नीति के अनुसार छात्रों के बढ़िया परिणाम के उद्देश्य के लिए बोर्ड परीक्षा दो बार कराई जाएगी. वहीं, दोनों परीक्षा में बैठना अनिवार्य नहीं होगा. अगर कोई छात्र पहली बार की परीक्षा के परिणाम से संतुष्ट है तो दूसरी बार बैठना जरूरी नहीं होगा. अगर किसी को अपने परीक्षा के रिजल्ट से असंतुष्ट है तो वो दूसरी बार परीक्षा दे सकता है. हलांकि ये अनिवार्य नहीं होगा. ये पूरी तरह से वैकल्पिक होगा और ये परीक्षा देने वाले छात्र को तय करना होगा. नई सिलेबस के अनुसार 11वीं और 12वीं के भाषाएं पढ़ना होगा. वहीं इसके लिए छात्रों को बढ़िया रिजल्ट के लिए समय और अवसर दिया जाएगा. शिक्षा मंत्री ने कहा कि कोटा में हो रहे सुसाइड चिंताजनक है और बच्चों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है. छात्रों के टेंशन को कम करने की कोशिश की जा रही है. केंद्र सरकार ऐसे कदम उठाने की कोशिश कर रही है जिससे छात्र चिंता मुक्त होकर परीक्षा दे सके इसके लिए सबकी भूमिका और जिम्मेदारी काफी अहम होगी. सरकार के इस निर्णय से उन छात्रों को राहत मिलेगी जिन्हें फेल हो जाने के बाद साल खराब होने का डर होता है. ये परीक्षा आईआईटी जेई के तर्ज पर कराया जाएगा.

भारतीय वायुसेना को मिला नया झंडा

नई दिल्ली। भारत आज 8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना दिवस मना रहा है. वायुसेना हर समय किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहती है. इंडियन एयरफोर्स इस साल 91वीं सालगिरह मना रहा है. आज के उन वीरों को याद किया जाता है जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी. इस दिन वायुसेना देश के विभिन्न कार्यक्रम करके बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देती है. इस दिन वायुसेना की ओर से कई कार्यक्रम किए जाते हैं. भारतीय वायुसेना इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कार्यक्रम कर रही है. इस दौरान भारतीय वायुसेना को नया झंडा मिल गया. इस झंडे का अनावरण इंडियन एयर फोर्स चीफ वी आर चौधरी ने किया है. वायुसेना को नया झंडा 73वें साल मिल है. इस मौके पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान भी उपस्थित थे. इसी साल इंडियन नेवी को भी नया झंडा मिला था. इसके बाद ये दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया. भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश सरकार के अंदर 8 अक्टूबर 1932 को किया गया था. उस समय इसका नाम रॉयल एयरफोर्स था. भारत की आजादी के बाद साल 1950 इसका नाम बदलकर भारतीय वायुसेना कर दिया गया. इसके साथ ही वायुसेना को नया झंडा भी मिला था. इस साल के वायुसेना दिवस का थीम है. प्रयागराज में इस बार एयर शो का आयोजन किया गया. इस एयर शो में अमेरिका की चिनूक, जगुआर, चेतक, अपाचे और राफेल सहित कई लड़ाई विमान शामिल हुए. वायुसेना ने इसके जरिए अपनी ताकत का प्रदर्शन किया और दुश्मनों को चेतावनी भी दी. इसके साथ ही सेना की ओर से कई और कार्यक्रम किए गए. भारतीय वायुसेना दिवस पर पीएम मोदी ने शुभकामना संदेश दी है. पीएम ने लिखा सभी वायुसेना के रक्षकों और उनके परिवार को भारतीय वायुसेना दिवस की शुभकामना. भारत को भारतीय वायुसेना के समर्पण और त्याग के लिए गर्व है.

ममता सरकार के मंत्रियों पर सीबीआई का शिकंजा

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में नगरीय निकाय में कथित भर्ती घोटाला मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार सुबह कोलकाता में ममता बनर्जी सरकार में मंत्री फिरहाद हकीम और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक मदन मित्रा के आवास पर छापेमारी की. छापेमार कार्रवाई से टीएमसी नेताओं में हड़कंप मच गया है. शहरी विकास और नगरपालिका मामलों के मंत्री हकीम कोलकाता के महापौर भी हैं. वह तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और टीएमसी संगठन में भी उनकी अच्छी पकड़ है. जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी के साथ सीबीआई की टीम चेतला इलाके में हकीम के आवास पर पहुंची और छापेमारी कार्रवाई शुरू कर दी है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीआई के दो अधिकारी

हकीम से पूछताछ कर रहे हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीबीआई की टीम मित्रा और हकीम के आवास पर एक साथ पहुंची थी. छापा मारने के लिए जैसे ही टीम हकीम के रूम में प्रवेश की कि हकीम के समर्थकों ने उनके आवास के बाहर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया. कोलकाता में सीबीआई 15 जगहों पर अलग-अलग छापेमारी कर रही है. सीबीआई के एक दल ने पूर्व मंत्री और उत्तर 24 परगना जिले के कमरहाटी से विधायक मित्रा के भवानीपुर इलाके में स्थित आवास पर भी दबिश दी है. छापेमारी के दौरान किसी भी शख्स को ना तो अंदर जाना है और ना ही किसी को अंदर से बाहर आना है. चंदन मित्रा और हकीम को सीबीआई ने 2021 में नारदा स्टिंग ऑपरेशन मामले में गिरफ्तार किया था.

आयुष्मान भारत मानसिक कल्याण के लिए उपचार को कवर करता है: निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि आयुष्मान भारत योजना के दायरे में मानसिक कल्याण शामिल है। वाराणसी में मानसिक कल्याण सप्ताह के उद्घाटन के मौके पर बीएचयू (आईआईटी) के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने टेली मानस हेल्पलाइन संचालित करने जैसी पहल की है, जो मानसिक कल्याण परामर्श प्रदान करती है और रोगियों को इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ इलाज के लिए सिफारिश भी करती है। सीतारमण ने बताया कि छात्रों को हर तरह के तनाव से बचाने के लिए पोस्ट कोविड परामर्श सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं। यह देखते हुए कि छात्रों के बीच तनाव मुख्य रूप से उन्मादी प्रतिस्पर्धा और जनमत के दबाव से आता है, वित्त मंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर भी परामर्श सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, क्योंकि केंद्र छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को काफी गंभीरता से लेता है। सीतारमण ने बताया कि कैसे योग पर सरकार का ध्यान मानसिक कल्याण को संबोधित करने के समग्र दृष्टिकोण का हिस्सा है।

अफगानिस्तान में भूकंप से मरने वालों की संख्या हुई 2000

नई दिल्ली। अफगानिस्तान में बीते दिन आए भूकंप से भारी नुकसान हुआ है. भूकंप से मरने वालों की संख्या 2000 तक पहुंच गई है. ये आंकड़ा तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने जारी किया है. पश्चिमी अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में आए शक्तिशाली भूकंप से बड़ी संख्या में जान माल की क्षति हुई है. साथ ही कच्चे पक्के मकानों को भी नुकसान हुआ है. रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गई है. अफगानिस्तान के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रेयान ने मीडिया को बताया कि हेरात में भूकंप से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है. मौत का यह आंकड़ा और आगे भी बढ़ सकता है. करीब 8 गावों में भूकंप का प्रभाव पड़ा है. रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. हालांकि, मलबे में दबे शवों को बाहर निकालने में रेस्क्यू टीम को परेशानी उठानी पड़ रही है. हेरात प्रांत में शक्तिशाली भूकंप के झटके से लोग सहमे हुए हैं. जिंदा बचे लोगों ने मीडिया को जब आपबीती सुनाई तो रोंगटे खड़े हो गए. लोगों ने कहा कि भूकंप के झटके शनिवार को महसूस किए गए. पहले तो धरती तेजी से हिलने लगी और धीरे-धीरे दफ्तरों और बिल्डिंग भरभरा कर गिरने लगी. जबतक कुछ कर पाते तबतक तो मंजर ही बदल चुका था. मजबूत हौसले और चमत्कार की वजह से कुछ लोग यहां से निकलने में कामयाब हुए. भीषण भूकंप के बाद यहां के लोगों का कहना है कि त्रासदी के बाद लोग बेहद डरे हुए हैं. आशंका जताई जा रही है कि भूकंप के झटके अभी और आ सकते हैं. यहां के नागरिकों का कहना है कि घरों और दफ्तरों में जाने से डरते हैं.

मध्य प्रदेश चुनाव में पत्नियों ने संभाला मैदान

नई दिल्ली। चुनावी बिगुल बजने से पहले ही मध्य प्रदेश विधानसभा का चुनाव रोचक होता जा रहा है. पतियों को सदन पहुंचाने के लिए इस बार कई नेता पत्नियों ने भी मैदान संभाल लिया है. इनमें संजय शुक्ला की पत्नी अंजलि शुक्ला, शिवराज सिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह, भूपेंद्र सिंह की पत्नी सरोज भूपेंद्र सिंह और कैलाश विजयवर्गीय की पत्नी आशा विजयवर्गीय का नाम प्रमुख हैं. नेताओं की ये पत्नियां लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क के सहारे लोगों से मिल रही हैं और अपने पति को जिताने की अपील कर रही हैं. जानकारों का कहना है कि मध्य प्रदेश में इस बार महिला वोटरों की संख्या पुरुष वोटरों के लगभग बराबर हैं, इसलिए उम्मीदवार के साथ-साथ उनकी पत्नी भी मैदान में उतर गई हैं. चुनाव आयोग ने हाल ही में मध्य प्रदेश का वोटर लिस्ट जारी है. इसके मुताबिक राज्य में मतदाताओं की कुल संख्या 5 करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 है. इसमें पुरुष मतदाता 2 करोड़ 88 लाख 25 हजार 607, तो महिला मतदाता 2 करोड़ 72 लाख 33 हजार 945 है. आयोग के मुताबिक 2018 में मध्य प्रदेश के करीब 42 विधानसभा सीटों पर पुरुषों

के मुकाबले महिलाओं ने ज्यादा मतदान किए. कई सीटों पर मतदान का फासला 5 प्रतिशत तक का था. राजधानी भोपाल की 5 सीटों पर महिलाओं ने पुरुष के मुकाबले ज्यादा वोट डाले.

देवरिया कांड पर क्यों चुप्प हैं मायावती?

उत्तर प्रदेश के देवरिया में जमीनी विवाद के कारण 6 लोगों की हत्या के मामले में जहां एक ओर राज्य की राजनीति गरमा गई है. देवरिया में हुए नरसंहार हो लेकर एक ओर तमाम विपक्षी पार्टियां प्रदेश में पुलिस प्रशासन और न्याय व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधती दिख रही है. वहीं प्रदेश की बड़ी पार्टी बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अभी तक इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुई है. जिसे लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं. दरअसल देवरिया हत्याकांड में मारे गए सत्यप्रकाश दुबे के घायल बेटे से राज्य के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में जाकर मुलाकात कर उसका हाल जाना. कई बीजेपी नेता भी घायल युवक से मिल अपनी संवेदना प्रकट कर चुके हैं. वहीं दूसरी ओर इस हत्याकांड में मारे गए प्रेमचंद यादव के घर पर राजस्व विभाग की कार्रवाई को लेकर विपक्षी पार्टियां बीजेपी पर मामले में पक्षपात का आरोप लगा रही हैं. फिलहाल इन सब के बीच राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती का चुप्पी साधे रहना कई सवाल खड़े कर रहा है. जहां एक ओर विपक्षी पार्टियों लगातार प्रशासन पर सवाल उठाते हुए बीजेपी को घेरती नजर आ रही हैं. वहीं मायावती का इस मुद्दे पर एक भी सवाल नहीं करने पर कुछ राजनेता इसे उनका बीजेपी की ओर झुकाव बता रहे हैं. वहीं इस बीच भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद ने देवरिया हत्याकांड पर राज्य की बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लिया है. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सभी प्रदेशवासियों को समान नजर से देखते हुए राजधर्म के पालन की अपील की है. दूसरी ओर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने इसे प्रशासन और सरकार की विफलता बताया है. उनका कहना है कि राज्य की सरकार प्रदेशवासियों को न्याय दिलाने में सक्षम नहीं है.

क्या है हमास और कैसे बन बैठा इजराइल का जानी दुश्मन

चरमपंथी संगठन हमास ने इजराइल पर भारी संख्या में रॉकेट दागे हैं. इन हमलों में इजराइल के लगभग 300 लोगों की मौत हो गई है, एक हजार से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं. इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस हमले के उनके खिलाफ युद्ध बताया है. उन्होंने कहा कि हमास ने इजराइल पर आतंकी हमला किया है...हम युद्ध के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उनको इसका भारी खामियाजा चुकाना होगा. ऐसे में आम जनमानस के मन में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर हमास है क्या और उसकी इजराइल से क्या दुश्मनी है. हमास (इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन) फलस्तीनी क्षेत्र का सबसे बड़ा चरमपंथी संगठन है. हमास की स्थापना 1987 में पहले फिलिस्तानी विद्रोह के दौरान हुई थी. ईरान हमास का समर्थन करता है. इसका उभार मुस्लिम ब्रदरहुड की फिलिस्तानी शाखा के विस्तार के तौर पर हुआ. हमास एक सशस्त्र बल है और इजराइल का सशस्त्र विरोध करता है. यह चरमपंथी संगठन इजराइल की जगह फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है. हमास की स्थापना शेख अहमद यासीन नाम के एक शख्स ने की जो 12 साल की उम्र से ही व्हीलचेयर पर थे. अपनी स्थापना के अगले साल

1988 में हमास ने कहा कि हम फिलिस्तीन की आजादी के लिए प्रतिबद्ध हैं. हालांकि हमास की सशस्त्र विंग का गठन 1992 में हुआ. इसके बाद से हमास गाहे-बगाहे इजराइल पर आत्मघाती हमले करता रहता है. 2007 से हमास का फिलिस्तीन की गाजा पट्टी पर काबिज है. 2006 में हुए फिलिस्तीनी संसदीय चुनाव में हमास को भारी जीत मिली, जिसके बाद उसका गाजा पट्टी पर शासन हो गया. दरअसल, हमास इजराइल राज्य को मान्यता नहीं देता. हमास की सशस्त्र विंग को इज अल-दीन अल-कसम ब्रिगेड कहा जाता है. इसका काम इजराइल में आत्मघाती हमलावरों को भेजना है. हमास इजराइल पर अपने हमलों को बदला बताता है. हमास के लड़ाके इजराइल को खात्मे की कसम खाते हैं. वहीं, इजराइल इसको एक प्रपंच का नाम देता है. इसके साथ ही अमेरिका, यूई, कनाडा, मिस्र औ जापान जैसे देश हमास को एक आतंकवादी संगठन मानते हैं. जबकि रूस, सीरिया, चीन और ईरान जैसे देश इसको आतंकी संगठन के तौर पर नहीं लेते. हमास का कहना है कि मई 2021 में इजराइल ने यरूशलम में अल अक्सा मस्जिद, जो कि मक्का मदीना के बाद मुसलमानों के लिए दुनिया का तीसरा सबसे पवित्र स्थान है, को नुकसान पहुंचाया था. यही नहीं इजराइल ने कई दशकों से गाजा पट्टी की घेराबंदी कर रखी है. जिसकी वजह से वहां को लोगों को दवाई और अनाज जैसे बेसिक जरूरतों का सामान भी नहीं मिल पाता. हमास का कहना है इजराइल अपने हमलों में बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को भी बख्शता. यही वजह है कि हमास बदला लेने के लिए इजराइल पर हमले करता है.

सुपर गर्ल्स कार्यक्रम से निखरेगी, बालिकाओं की प्रतिभा: मेगा संकुल अमलीपदर

ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी कुमार

जिला प्रशासन गरियाबंद के अभिनव पहल सुपर गर्ल्स बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत मेगा संकुल स्तरीय प्रतियोगिता हनुमान हाल अमलीपदर में आयोजित किया गया।

सर्व प्रथम मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस प्रतियोगिता मे एकल नृत्य, गायन, चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद, कविता आदि विधाओं मे प्रथम एवं व्दितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। जिसमें आस पास के संकुल-अमलीपदर, गोि?यारी, कोदोभाटा,पदमपुर, मुड़गेलमाल,मुड़ागांव के छात्राएं सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता मे भाग लिए। प्रतियोगिता के परिणाम जिसमें प्राथमिक-स्तर-(1)चित्रकला-कु.नम्रता सिन्हा (कन्या प्रा. अमलीपदर)(2)एकल गायन-कु. किरण महन्ती (प्रा.शा.कुरला पारा) (3)एकल नृत्य-कु.नारायणी (प्रा.शा.पदमपुर)(4)भाषण-कु.हेमप्रिया बघेल(प्रा.शा. कोदोभाटा)(5) कविता-कु.हेमलता बघेल (प्रा.शा.पदमपुर)

माध्यमिक स्तर--(1) एकल नृत्य-कु.जयंती निषाद (माध्य.शा.कुरला पारा) (2)एकल गायन-कु.मालती यादव (माध्य.शा.उसरीजोर) (3) चित्रकला-कु.भगवती यादव (माध्य.शा.बिरीघाट) (4) भाषण-कु.जयंती (माध्य.शा.कुरलापारा) (5)वाद-विवाद-कु.ममता यादव, कु.रिंकी यादव (कन्या माध्य.शा.अमलीपदर)(6) कविता-कु.खगेस्त्री ध्रुव (माध्य.शा. गोड़ियारी)

उच्च. माध्यमिक स्तर-(1) एकल गायन-कु.याचिका बघेल (हाई.स्कूल बिरीघाट)(2) एकल नृत्य-कु.प्रमिला कुंजाम (कन्या हाई स्कूल अमलीपदर)(3)चित्रकला-कु.समीरा (हाई स्कूल मुड़गेलमाल) (4) भाषण-कु.लक्ष्मी यादव (हाई स्कूल बिरीघाट)(5)वाद-विवाद-कु. गीतांजलि, कु.कौशिकी पान्डेय (6)कविता-कु.सुजाता श्रीवास,आदि प्रथम स्थान पर रहीं। विजयी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं टिफीन डब्बा प्रदान कर सम्मानित की गई। इस कार्यक्रम मे मंच संचालन श्री कमलकिशोर ताम्रकार के व्दारा बहुत ही शानदार तरीके से किया गया। मुख्य आकर्षण नृत्य प्रतियोगिता की रही है। कार्यक्रम मे मेगा संकुल प्राचार्य, श्री वरुण चक्रधारी, श्री आलोक राव वाघे प्राचार्य एवं छः संकुल के समन्वयक श्री भागीरथी नागेश, श्री सुभाष पान्डेय, श्री अनन्त राम नागेंद्र, श्री नरेंद्र दीवान,श्री भानुप्रताप राठौर, श्री भूषण पाड़े मध्यान्ह भोजन स्व.सहायता समुह अध्यक्ष श्री मति मणीभोषले प्रधानपाठक श्री देवशरण साहु, धनसिंग मरकाम, कुमार सिंग बघेल, लोकेन्द्र अवस्थी, तीरथ श्रीवास, प्रेमचक्रधारी,विष्णु राम साहु,एवं प्रभारी शिक्षक गण अनिल कुमार अवस्थी, मोतीलाल दुर्गा, लक्ष्मी कांत दुबे,सुकाश राव, राजेश राव, नीलाबंर मांझी, हरिश्चंद्र चक्रधारी, श्री मति द्रोपती मरकाम, श्री मति स्वाति वाघे, श्री मति गरिमा सलामे, सभी शिक्षक गण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जनकल्याणकारी योजनाओं को सभी ग्रामीणों को घर-घर जाकर बताया

प्रतीश अग्रवाल
पुष्पांजलि टुडे

मधुसुदनगढ़। भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी प्रियंका पैंची द्वारा आज चाचौड़ा मंडल के उमरथाना, तलावली, वलावली, झूकरा, झूकरी, जलालपुरा, जोल्डया, लीलवेहकला, सागोडी, कुसुमपुरा आदि ग्रामों में जन संपर्क किया ढू जिसमे प्रियंका पैंची द्वारा केंद्र एवम राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को सभी ग्रामीणों को घर-घर जाकर बताया इसी के साथ जिन्हे योजनाओं का लाभ मिल रहा है उनसे आग्रह किया की वह भी शासन की योजनाओं से अन्य को भी अवगत कराए और जिन लोगो को शासन की योजनाओं का किसी कारण से लाभ नही मिल पा रहा है उन्हे चिन्हित कर शीघ्र अति शीघ्र लाभ के लिए प्रयास किया जावेगा। क्युकी भारतीय जनता पार्टी का एक ही लक्ष्य है प्रत्येक वंचित परिवार को शासन की योजनाओं का लाभ हर स्तिथि में प्राप्त हो ढू इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह (निक्की) राजपूत, मंडल अध्यक्ष प्रद्युमन मीना, श्रीकृष्ण (भोला)सोनी, सूरज पालीवाल,आशीष खंडेलवाल, सुरेश सुमन, सन्नी जैन, संजू भील, धनराज गुर्जर सरपंच सागोडिया, नंदू सैनी, राकेश भील, कृष्ण कुमार भील, दिनेश भील, मंगल सिंह धाकड़ बटावदा, सर्जन गुर्जर झूकरी, भूरेलाल गुर्जर झूकरा आदि वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, एवम सदस्य मौजूद रहे।

भदैया कुंड पर चला स्वच्छता अभियान कलेक्टर पहुंचे जायजा लेने

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी। शिवपुरी को पर्यटन नगरी के नाम से जाना जाता है। भदैया कुंड भी पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र है। शहर से कई लोग यहां शाम को पहुंचते हैं परंतु यहां पानी मे लगी जलकुम्बी एक समस्या थी। अब यहां अभियान चलाकर सफाई की जा रही है। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए थे। दिए गए निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान चलाकर भदैया कुंड पर सफाई की जा रही है। पिछले सप्ताह भी होमगार्ड की टीम द्वारा यहां स्वच्छता अभियान चलाया गया। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी भी लगातार जायजा लेने पहुंचते हैं। उन्होंने मौके पर उपस्थित रहकर जायजा लिया। नगर पालिका सीएमओ से चर्चा की और कहा कि यहां साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। आसपास भी गंदगी नहीं रहना चाहिए। यहां कचरा एकत्रित न हो। स्वच्छता अभियान में नगर पालिका की टीम के साथ ही अभियान में स्टेट डिजास्टर एमरजेंसी रिस्पॉन्स फॉर्स (एसडीआरएफ) भी शामिल रहा।

सोपान होम्स सोसायटी, पाटन में योग महा शिविर का आयोजन किया गया

पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे

गुजरात। योग एक आध्यात्मिक अभ्यास है. योग से बहुत प्रकार के फायदे होते हैं। योग से शारीरिक मानसिक तंदुरुस्ती के साथ कई बीमारियों से भी बचा जा सकता है। पहली बार पाटण में योग महा शिविर का आयोजन कामिनाबेन पटेल द्वारा सोपान होम्स सोसायटीमै किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री ईश्वरभाई ब्रह्मभट्ट योगाचार्य दिव्य जीवन योग विशेष रूप से उपस्थित थे और उन्होंने सोसाइटी एवं पाटनवासियों को योग के महत्व को समझाया कामिनाबेन पटेल द्वारा प्रेक्टीकली योग करके सभी योग अभ्यासु को योग सिखाया।

कंप्यूटर ज्ञान प्रतियोगिता 2023 सफलतापूर्वक संपन्न

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। स्वर्गीय श्रीमती केसर देवी स्मृति शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित वेदांश कंप्यूटर एजुकेशन तानसेन रोड ग्वालियर द्वारा 8 अक्टूबर रविवार को आयोजित कंप्यूटर ज्ञान प्रतियोगिता में 1217 छात्र छात्राओं ने भागीदारी की! यह प्रतियोगिता वेदांश कंप्यूटर एजुकेशन तानसेन रोड ग्वालियर तथा सीबीएस हाई सेकेंडरी स्कूल कांच मिल रोड ग्वालियर सहित हजीरा क्षेत्र के चार परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई! प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को 13 अक्टूबर को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे जिसमें एक कंप्यूटर सहित 2100, 1100, 500, चांदी का सिक्का ट्रॉफी, मेडल, सर्टिफिकेट के साथ कुल 113 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे! वेदांश कंप्यूटर एजुकेशन के संचालक हेल्प गुरु प्रमोद राजावत ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर का बेसिक ज्ञान देना है इसीलिए इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र-छात्राओं को वेदांश कंप्यूटर एजुकेशन तानसेन रोड ग्वालियर द्वारा 15 दिन निशुल्क कंप्यूटर बेसिक कोर्स भी सिखाया जाएगा!

जनता के हृदय में बसत है शर्मा परिवार, भाजपा से टिकट के कई दावेदार

पुष्याजंलि टूडे रिर्पोटर
अभिषेक कुशवाह

सिरोंज। सिरोंज लटेरी विधानसभा भाजपा का गढ या फिर कहें तो शर्मा परिवार का ही राज रहा है यह वही विधानसभा है जहां से वर्तमान विधायक उमाकांत शर्मा के मझले भाई लक्ष्मीकांत शर्मा उच्च शिक्षा, सांस्कृतिक एवं अनेक कई विभागों मंत्री के पद पर रह कर सिरोंज जैसे पिछडे शहर में विकास रूपी गंगा बहाई थी , वर्ष 2013 विधानसभा चुनाव को छोड दे तो सिरोंज लटेरी विधान सभा लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी या फिर कहें तो शर्मा परिवार ही विजय पताका लहराता रहा है हालांकि ऐसा नही है यहां से कोई और भाजपा से दावेंदारी नही करता हों बीते वर्षो में भी अनेक लोगो के द्वारा अपनी अपनी दावेदारिया पेश की गई लेकिन पार्टी ने हमेंशा शर्मा परिवार पर भरोसा दिखाया जिसमें पिछला चुनाव तो वर्तमान विधायक उमाकांत शर्मा ने लगभग 34000 की लीड से जीतकर जिले सहित पूरे प्रदेश में अपनी एक अलग ही पहचान स्थापित की थी और यह सिद्व किया था कि सिरोंज लटेरी विधानसभा के दिल में शर्मा परिवार ही बसता है । बेहतर मैनेजमेंट के लिये जाने जाते वर्तमान विधायक उमाकांत शर्मा पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान सिरोंज लटेरी विधानसभा से विधायक उमाकांत शर्मा की पहचान



जहां सरल और अच्छे नेतृत्व की है तो वही दूसरी और बेहतर मैनेजमेंट के लिये भी क्षेत्र में जाने जाते है , सिरोंज क्षेत्र की जनता भी हमेंशा एक ही नारा बुलंद करती है कि प्राणो से भी प्यारा है उमाकांत हमारा है सिरोंज लटेरी क्षेत्र के देव गुरू वृहस्पति जैसे सम्मानित लोक पुरोहित परिवार से विधायक श्री उमाकांत शर्मा मानवीय श्रम समय और समझ के साथ अर्थ तथा परिस्थितियो के गुरू के साथ रणनीतिकार है जिनके निर्देशन तथा संयोजन में होने वाले दिव्यता तथा भव्यता को रेखांकित किये जाने वाले मानक तैयार किये है ऐसे कार्यक्रमो की उचाईयां स्वयं पर स्वत ही गर्व करती है प्रबंधन का उनका यह व्यक्तित्व का यह गुण उन्हे उपासना एवं आरधाना जैसा बन गया है , श्री उमाकंत शर्मा एक प्रबंधक के रूप में अपनी जिम्मेदारियो को गंभीरता व सजगता से स्वीकार कर सभी गतिविधियो पर नियंत्रण करते हुए सभी कार्यकर्ताओ को सहभागी बनाकर उपलब्ध संसाधनो का सर्वोत्कृष्ट उपयोग करने के लिये जाने जाते है ।

धर्म संस्कृति के संवाहक रूप में पहचाने जाते उमाकांत-आधूनिकीकरण एवं पश्चिमी सभ्यता के इस युग मे धर्म एवं पुरातन संस्कृति की जीवंत रखने के आपके अभिनव प्रयास निश्चित ही आपको श्रेष्ठ से श्रेष्ठतम बनाते है आप हमेंशा अपने प्रत्येक कार्यक्रम में धर्म व संस्कृति को समाहित कर कार्यक्रम की रोचकता बडाते है तो वही सिरोंज लटेरी क्षेत्र की जनता उमाकांत शर्मा को धर्म संस्कृति के संवाहक रूप में जानती है क्षेत्र में आपकी लोकप्रियता किसी से छिपी नही है आप शास्त्रो के मर्मज्ञ है एवं आपके भाषणों में स्पष्ट शैली के साथ राष्ट्रहित एवं सांस्कृतिक झलक समाहित रहती है वही उमाकांत शर्मा को क्षेत्रवासी जहां गुरू के नाम से संबोधित करते है तो आप स्वयं भी क्षेत्रीय जनता से पारिवारिक स्नेह रखकर हर सुख दुख में सहभागी होते है ।



सीरवी समाज शमशाबाद वडेर में योग शिविर का आयोजन

पुष्पाजंली टुडे

हैदराबाद। सीरवी समाज बडेर शमशाबाद में योग शिविर का आयोजन 15 दिनों से लगातार जारी है। योग गुरू अध्यक्ष आसाराम गहलोत ने बताया की ध्यान का अभ्यास कराया ओर कहा कि योग व ध्यान से न केवल तनाव दूर होता है ।बल्कि इससे मस्तिष्क की ताकत भी बढ़ती है। सीरवी महासभा तेलंगाना के अध्यक्ष हरजीराम ने बताया कि नियमित योग करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होकर कई प्रकार के रोगों का नाश होता है। ओर उन्होंने बताया कि 45 मिनट इस योग सत्र में मुख्य रूप से व्यायाम, ध्यान, और योगासन को शामिल किया गया है। इस शिविर में सचिव भोलाराम पंवार, शिक्षा समिति के अध्यक्ष केसाराम, कोषाध्यक्ष राजूराम अन्य लोगों ने योग का अभ्यास किया।

परमात्मा श्रीपार्श्वनाथ परमात्मा की भक्ति से हमारी मन की इच्छा पूर्ण होती है: मुनि राजपद्मसागरजी

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलूरू । श्री शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्ति पूजक जैन संघ एल एन पूरम् श्रीरामपूरम बेंगलोर मध्ये मुनि राजपद्मसागरजी म.सा. मुनि श्रमणपद्मसागरजी म.सा की पावन निश्रा में नवान्हिका महामहोत्सव का आज नवमें दिन में परम पुरुषादानी श्री पार्श्वनाथ प्रभु का 108 पार्श्वनाथ महापूजन हुआ। महाराज साहब ने कहा इस पार्श्वनाथ प्रभु की महिमा का गान करते हुए कहा कि पार्श्वनाथ परमात्मा की महिमा निराली है, उनकी भक्ति करने से उनका पूजन करने से हमे शांति-समाधि एवं मन प्रसन्नता से भर जाता है, क्योंकि पार्श्वनाथ परमात्मा ने भी अपने पूर्वभव में जब देवलोक में थे तब उन्होंनें 500 कल्याणक की उजवणी किया था परमात्मा के 500 कल्याणक मूल शरीर से मनाया था। इसलिए सबसे ज्यादा पार्श्व प्रभु का नाम है. उनकी भक्ति करने से यश-नामकिर्ति बढती है। सब श्रावक एवं श्राविकाओं ने इस पार्श्वनाथ महापूजन में लाभ लिया ।

आगामी विशाल भंडारे को लेकर बैठक सम्पन्न

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह। आगामी भंडारे को लेकर पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक सम्पन्न।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर की समाजसेवी संस्था श्री मुरली मनोहर सेवा मंडल द्वारा 13 नबम्बर 2023 को सिद्ध स्थल माँ रतनग? धाम जाने वाले भक्तो के लिए विशाल भण्डारा आयोजित किया जाना ऑनलाइन मीटिंग कर तय हुआ।जिसमें संस्था के पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य मौजूद रहे।बैठक में आगामी भंडारे को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तो वहीं पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियाँ भी सौंपी गई।संस्था अध्यक्ष अर्पित गुप्ता ने बताया की 13 नबम्बर 2023 को श्री मुरली मनोहर सेवा मंडल द्वारा नवमां विशाल भण्डारा आयोजित होने जा रहा है जिसमे मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवम नगर वासी सहयोग करें।जिससे भंडारे को सफल बनाया जा सके।वहीं उन्होंने बताया कि इस बार भंडारे में डॉक्टरो की टीम भी मौजूद रहेगी जो कि पैदल रतनग? धाम जाने वाले भक्तो का परीक्षण करेगी और जरूरत लगने पर उन्हें उपचार भी देगी।उन्होंने बताया कि यह भण्डारा कोंच रोड तिराहे पर 13 नबम्बर 2023 की शाम से शुरू होगा औए 14 नबम्बर 2023 की सुबह तक चलेगा जिसमे हजारो भक्तगण प्रसादी ग्रहण करेंगे।बैठक में संजय गुर्जर,राधे अग्रवाल,परमाल गुर्जर, अर्पित गुप्ता, हिमांशु गुप्ता(बिट्टू), प्रतीक गुप्ता,संजय गुप्ता(परा), हिमांशु गुप्ता(ईलू), मोहित गोस्वामी,श्याम कोठारी, रवि गुप्ता (मेडिकल), मनीष गुप्ता,अनिल गुप्ता(परा), मोहित गोस्वामी, टिंकू कुरेले, शशांक बुधौलिया,विकास दुबे, राजभुवन यादव, शिवकुमार गुप्ता(परा),विनय गुप्ता(परा),सोनू गुप्ता(मैथाने),चिराग गुप्ता(गोलू) आदि पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

थाना ऊमरी पुलिस ने 02 अवैध देशी कट्टे व 02 जिंदा राउण्ड जब्त कर 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे
थाना- ऊमरी। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री मनीष खत्री, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय संजीव पाठक के निर्देशन में तथा श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक महोदय मुख्यालय भिण्ड संजय कुमार के मार्ग दर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निर्विघ्न संपन्न कराये जाने हेतु अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी ऊमरी व उनकी टीम द्वारा 02 आरोपियों के कब्जे से 02 अवैध देशी कट्टा, 02 जिंदा राउण्ड जप्त करने में सफलता प्राप्त की।

दिनांक 07/10/2023 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि सिकहाटा पुलिया के पास 02 व्यक्ति अवैध हथियार लिये किसी वारदात करने की फिराक में खड़े है। सूचना विश्वसनीय होने से मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे तो 02 व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर भागने लगे जिन्हे पुलिस की टीम के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा तथा उनके कब्जे से 02 देशी कट्टा 315 बोर के व 02 जिंदा राउण्ड जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपीगणों के विरुद्ध पृथक-पृथक धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किये गये। गिरफ्तार शुदा आरोपियों को माननीय न्यायालय भिण्ड में पेश किया गया। उक्त आरोपीगणों में से एक आरोपी आपराधिक प्रवृति का है जिसके विरुद्ध थाना अंबाह जिला मुरैना में चोरी, थाना देहात भिण्ड में लूट, तथा थाना पोरसा जिला मुरैना में चोरी के कुल 03 अपराध भी पंजीबद्ध है।

जप्त मसरुका का विवरण-1- 02 देशी कट्टा 315 बोर के तथा 02 जिंदा राउण्ड

सराहनीय भूमिका- उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, उ.नि. नीतेन्द्र मावई, सउनि रामअवतार सिहं, प्र.आर. आशीष तिवारी, आरक्षक धर्मपाल, कुलदीप जाट, आलेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

दो वर्ष पूर्व ग्राम लहरौली में हुई चोरी का शेष आरोपी गिरफ्तार, आरोपी के कब्जे से चोरी गया मसरूका जब्त

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे
थाना ऊमरी। दिनांक 07/10/2023 को पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री मनीष खत्री, अति. पुलिस अधीक्षक महोदय संजीव पाठक के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक महोदय मुख्यालय श्री संजय कुमार के मार्ग दर्शन में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत दो वर्ष पूर्व हुई चोरी के शेष आरोपी को गिरफ्तार करने तथा चोरी गये माल को बरामद करने में सफलता प्राप्त की। दिनांक 10/05/2021 को फरियादी विजय शर्मा पुत्र स्व. रामप्रकाश शर्मा निवासी ग्राम कंडेलपुरा लहरौली थाना ऊमरी ने रिपोर्ट की कि घटना दिनांक 09/05/2021 की रात्रि में अज्ञात चोर घर में घुसकर सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गये। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना ऊमरी पर अपराध क्र. 121/2021 धारा 457,380 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। प्रकरण की विवेचना के दौरान प्रकरण में दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है जिनके कब्जे से चोरी गया मसरूका बरामद किया गया। प्रकरण में शेष आरोपी जिला कारागार उरई उ.प्र. में निरुद्ध होने से आरोपी को जेल से प्राप्त कर आरोपी के कब्जे से चोरी गया मसरूका बरामद किया गया। बाद आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, उ.नि. मलखान सिंह परिहार, प्र. आर. नारायण सिंह, आरक्षक रिन्कू सिंह, जितेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

श्री सीरवी समाज बडेर भवन होसूर में विशाल सत्संग संध्या का हुआ आयोजन

पुष्पाजली टुडे /नारायणलाल सेंणचा
होसूर। श्री सीरवी समाज होसूर बडेर भवन में शनिवार शाम को विशाल सत्संग संध्या का आयोजन हुआ। भजन संध्या का आगाज आईमाता तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। पुण्य धरा मरुधर के पीपाड़ शहर के आश्रम से पधारे हुए पुज्यतम गुरुदेव रामदासजी महाराज के स्वागत में उनके प्रवासी अनुयायियों ने विशाल सत्संग संध्या का आयोजन रखा । सत्संग संध्या में शहर के सभी प्रवासी बंधुओं ने बढ़ -चढ़कर भाग लिया। गुरुदेव एवं समस्त प्रवासी भजन गायक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं सेवा मंडल बंधुओं ने श्रोताओं की सेवा व्यवस्था में कोई कसर नहीं छोड़ी।

बाली विधानसभा क्षेत्र का भाजपा महिला मोर्चा शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित

महिला आरक्षण विधेयक पास कर नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं का मान सम्मान बढ़ाया

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता
नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान
रानी पाली। जवाली भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा का बाली विधानसभा क्षेत्र का महिला शक्ति वंदन सम्मेलन रुप मुनि धर्मशाला नाडोल में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाली विधानसभा प्रभारी आवडदान चारण, भाजपा नाडोल मंडल अध्यक्ष सतीश सोनी, बाली विस्तारक भंवर दिलीप सिंह चौहान ,किसान मोर्चा जिला मंत्री व विधानसभा मीडिया संयोजक अमरपुरी गोस्वामी के सानिध्य में व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोहर कंवर की अध्यक्षता मे कार्यक्रम आयोजित हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी आवडदान चारण ने कार्यकर्ताओं से आने वाले विधानसभा चुनाव में तन मन और धन से पार्टी के कार्य में लग जाने का आवाहन किया सम्मेलन में बोलते हुए महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनोहर कवर ने केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओ के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।विषेश कर महिला आरक्षण विधेयक पर महिलाओ को जानकारी दी वही मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया।वहीं राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा दलित उत्पीडन व महिला अत्याचार पर सरकार की उदासीनता पर आक्रोश प्रकट करते हुये ऐसी भ्रष्ट व महिला विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का आहवान किया। महिला मोर्चा सम्मेलन के जिला प्रभारी व जिला उपाध्यक्षा सुमित्रा राजपुरोहित ने कहा कि कांग्रेस ने महिला वर्ग का केवल वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया है ।वहीं भाजपा को जब जब सत्ता का अवसर मिला है तब-तब महिला वर्ग को सामाजिक न्याय के लिए उचित अवसर प्रदान किये है ।महिला मोर्चा के जिला महामंत्री रेखा परिहार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सरस्वती गोस्वामी, महिला मोर्चा जिला मंत्री बसंती कंवर बडगूजर, महिला मोर्चा संयोजक व सेवाड़ी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुशीला चौधरी, मंजू देवी वार्ड पंच जम्मू देवी ,सरोज महामंत्री, कंचन देवी ,ममता देवी, प्यारी बाई, रतन देवी, दाकू देवी, गजी देवी ,जमुना देवी, पुष्पा माली, तमन्ना, पूजा, रेखा वैष्णव देसूरी मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा, मनीषा, तनीषा, सुखी देवी, कमला देवी, जमुना देवी ,मंडल महामंत्री रुपाराम चौधरी, मेघाराम मेघवाल, मोड सिंह राठौड़, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मांगीलाल चौधरी, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री जगदीश चौधरी ,राजू सिंह, मोहन सिंह राजपुरोहित सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संविधान बचाने के लिए कांग्रेस की सरकार बनना होगी : पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा

भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती हैः फूलसिंह बरैया, जनता ने आर्शीवाद दिया तो क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दूंगाः हेमंत कटारे, डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का हुआ अनावरण, भाजपा और अन्य पार्टियों के लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे
भिण्ड । जिले की अटेर विधानसभा क्षेत्र में प्रतापपुरा के पास कांग्रेस की संविधान बचाओ संकल्प को लेकर एक विशाल आमसभा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक सज्जन वर्मा,वरिष्ठ नेता फूलसिंह बरैया रहे। मुख्य अतिथि सज्जन वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जबसे भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार बनी है तभी से भाजपा सरकार संविधान से छेड़छाड़ कर संविधान व्यवस्था पूरी तरह खत्म करना चाहती संविधान बचाने के लिए कांग्रेस की सरकार बनना होगी।संविधान बचेगा तो देश सुरक्षित रहेगा।वरिष्ठ नेता फूलसिंह बरैया ने कहा कि भाजपा पूरी तरह संविधान को खत्म करने पर तुली है और बहुजन समाज पार्टी एजेंट के रूप में कार्य कर रही है, हमें ऐसी पार्टियों से सावधान रहना होगा और संविधान बचाने के एकजुटता के साथ कांग्रेस की सरकार बनानी होगी तभी हमारा संविधान और हम सभी लोग सुरक्षित रहेगे।

अटेर के संभावित प्रत्याशी व पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करने का प्रयास कर रही है, हम सभी जानते हैं कि जब तक संविधान सुरक्षित है,तब तक हम सभी सुरक्षित है।श्री कटारे ने कहा कि सरकार के टैक्स के अलावा विगत पाँच वर्ष से अटेर में दद्दा टैक्स लग रहा है यहां की जनता को अगर कोई काम कराना होता है,तो दद्दा टैक्स के बाद ही काम हो सकता है।श्री कटारे ने कहा कि अटेर के भाजपा विधायक ने क्षेत्र में कोई काम नहीं किया इससे अटेर क्षेत्र काफी पिछड़ गया है,श्री कटारे ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर जनता ने उन्हें आर्शीवाद दिया तो क्षेत्र में दद्दा टैक्स खत्म करने के साथ ही विकास कार्य की गंगा बहा देगें। सभा को गोहद विधायक मेवाराम जाटव, प्रदेश महासचिव जय श्री राम बघेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह, देवाशीष जरारिया,अरविंद बघेल,सुशीला नरवरिया,संजू जाटव आदि ने संबोधित किया। मंच पर रामकिशोर भारद्वाज एडवोकेट,जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद,सचिन द्ववेदी,डॉ अनिल भारद्वाज,सोमराज नरवरिया सहित ब्लॉक अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी मंचासीन रहे। सभा के दौरान भारतीय जनता पार्टी और अन्य कई पार्टियों के पदाधिकारियों ने पार्टी छोड़ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभा में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा हजारों की संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

बिटियां गांव में पंचम बहुजन समाज प्रतिभावान सम्मान समारोह का हर्षोल्लास के साथ हुआ सम्पन्न

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता
नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान
रानी पाली। जवाली सुमेरपुर ब्लॉक के बलुपुरा ग्राम पंचायत के बिटियाँ गाँव मे पंचम बहुजन समाज प्रतिभावान सम्मान समारोह डॉ भीमराव अंबेडकर युवा मण्डल के तत्वावधान में आयोजन हुआ। समिति के सचिव प्रवीण सिंघल बिटियां ने की इस कार्यक्रम को करने का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना एवं कुरीतियों का मिटाना है। इस सम्मान समारोह में गांव की कुल 18 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। एवं नव नियुक्त अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों में लोक भजन कलाकार मनीष परिहार ने बताया कि बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा की तरफ अग्रसर होना चाहिए और सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह दी। पेमाराम देवासी पुर्व सरपंच नेतरा ने बताया कि मैंने कई सम्मान समारोह देखे हैं लेकिन इस समारोह के प्रवीण सिंघल बिटियां एवं उनकी टीम जो सभी वर्गों को साथ में लेकर सामुहिक कार्यक्रम करके एक अपने आप में मिशाल खड़ी कर रहे। नेतरा ने बताया कि सभी वर्गों को साथ लेकर चलना एक कठिन काम है फिर भी बिटियां गांव में इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन करना अच्छा लगा। अन्य वक्ताओं ने भी शिक्षा को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में अतिथियों के रुप में शेड्यूल स्टुडेंट युथ युनियन पाली जिला संयोजक मुकेश कुमार मेघवाल, शेड्यूल स्टुडेंट युथ युनियन जालौर जिला संयोजक सुरेश अम्बेडकर,मनीष परिहार, बलुपुरा सरपंच मगाराम देवासी, नाथुराम देवासी, रामलाल चौहान नया गांव, अशोक कडेला निम्बाडा, कोमरेड राजेन्द्र सिंह इन्दा, हडमत सिंह राणावत,एडवोकेट मेघ सुर्या सिरोही एवं जवानाराम परिहार सहित अतिथि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन समिति के सदस्यों में अध्यक्ष धन्नाराम सिंघल, प्रवीण सिंघल बिटियां, कमलेश जोगावत, रणजीत जोगावत, शिव प्रकाश सिंघल, गेनाराम सिंघल, तेजाराम जोगशन, झालाराम देवासी, लालाराम मीणा,बरकत खान, आमिर खान, निलम सिंघल, रुपी देवासी, डिम्पल देवासी,सरिता जोगावत आदि सदस्य उपस्थित रहे ।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर दंदरौआ धाम मेहगांव में करेंगे बिजली सब स्टेशन का भूमिपूजन

दैनिक पुष्पांजली टुडे
भिण्ड । प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर दिनांक 09 अक्टूबर 2023 दिन सोमवार को प्रातः 06 बजे कार द्वारा ग्वालियर से दंदरौआ धाम मेहगांव जिला भिण्ड के लिए प्रस्थान करेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर का प्रातः 07-30 बजे दंदरौआ धाम मेहगांव जिला भिण्ड आगमन होगा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर दंदरौआ धाम मेहगांव में सबस्टेशन का भूमिपूजन करेंगे। तत्पश्चात प्रातः 08-30 बजे दंदरौआ धाम मेहगांव जिला भिण्ड से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

कांग्रेसी नेता ने पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा को लिखा नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री के नाम पत्र

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से लगातार अनदेखी की जा रही है जिसके कारण कई कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता विधायक से दूरी बनाए हुए हैं इसी के चलते मध्य प्रदेश कांग्रेस सरकार में रहे पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा को घूम का पुरा निवासी कांग्रेसी नेता नरोत्तम चौरसिया ने अपने खून से पत्र लिखकर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नाम क्षेत्र की दुविधा बताई है जिसमें क्षेत्र में फैली समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया है नरोत्तम चौरसिया विधानसभा क्षेत्र में कर्मकार्यकर्ता रहे हैं साथ ही गोहद से भोपाल तक की पैदल यात्रा में भी शामिल हुए हैं लेकिन क्षेत्रीय विधायक मेवाराम जाटव द्वारा उनके साथ अनदेखी की गई जिससे कि कई कार्यकर्ता रूठे हुए बैठे हैं लेकिन अभी तक उनके बारे में कोई ध्यान नहीं दिया गया उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अपने खून से पत्र लिखकर न्याय की मांग की है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वार्डबाय ने क्वार्टर पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वार्ड बाय ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जानकारी के अनुसार वार्ड बाय मुकेश पुत्र काशीराम उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी अस्पताल कैंपस गोहद ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली दोपहर लगभग 12 बजे अचानक से मुकेश कुमार ने फांसी लगाई जिसका कारण अभी तक अज्ञात है पुलिस में सूचना मिलते ही शब को फंदे से उतरवाया और पोस्टमार्टम करा कर शब परिजनों को सोपा एवं धारा 174 सीआरपीसी के तहत पुलिस में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा 5 हजार रुपये का ईनामी बदमाश किया गया गिरफ्तार

दैनिक पुष्पांजली टुडे
भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री,एएसपी संजीव पाठक एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार उईके के निर्देशन में हत्या के प्रयास में फरार ईनामी आरोपी की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ अधिकारीयो को निर्देश पर थाना इंचार्ज उपनिरीक्षक सुनील सिकरवार व सायबर सेल भिण्ड एवं सिटी कोतवाली टीम के द्वारा कार्यवाही की गई।

विवरण- दिनांक 26/09/2023 को फरियादी देवेन्द्र उर्फ पुत्तन भदौरिया के द्वारा रिपोर्ट की आज साम को छः बजे मैं अपने दोस्तो का जन्मदिन मनाने के लिये गौरी सरोवर पुल पर खड़ा था तभी एक मोटर साईकिल पर तीन व्यक्ति आये । जिसे पीछे बैठे लडके रिन्कू शर्मा ने गोली मारकर मुझे घायल कर दिया। उक्त रिपोर्ट पर स थाना हाजा पर अपराध क्रमांक 399/23 धारा 307, 34 भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। दिनांक 08/10/2023 को सायबर सेल भिण्ड की सूचना पर से फरार ईनामी आरोपी रिन्कू उर्फ कुक्की शर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अपराध सदर मे प्रयुक्त आलाजरर जप्त किया गया। उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी इंचार्ज उपनिरीक्षक सुनील सिकरवार, शिवप्रताप सिंह राजावत, दीपेन्द्र यादव,आशीष यादव,एएसआई सत्यवीर सिंह, रघुवीर सिह,प्रधान आरक्षक महेश ,त्रिवेन्द्र सिंह, सतेन्द्र यादव, जितेन्द्र सिंह यादव,रमाकांत शर्मा,विनोद कुमार, दीपक सिकरवार, आरक्षक रवि जादौन, आनन्द दीक्षित, राहुल यादव, सुशील शर्मा, सुनील गर्ग, राहुल राजावत,राहुल सिकरवार, गिर्राज यादव, अमन राजावत, नारायण शिंह की सराहनी भूमिका रही है ।

संपादकीय

सुलगते सवाल

एक न्यूज पोर्टल से जुड़े पत्रकारों पर छापे, कुछ की गिरफ्तारी और फिर आप के सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के बीच लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक सुविधा के लिये सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग पर देश में सवाल तीखे हुए हैं। देश की शीर्ष अदालत गाहे–बगाहे राजनीतिक हथियार बनीं एजेंसियों की कारगुजरियों पर सवाल उठाती रही हैं। कभी कोर्ट ने एजेंसी को पिंजरे का तोता कहा तो कभी इन एजेंसियों में नियमों से इतर शीर्ष अधिकारियों के लगातार बढ़ते कार्यकाल को लेकर भी सवाल उठाए। पिछले कुछ महीनों में ऐसा विवाद शीर्ष अदालत व सरकार के बीच खासा चर्चित रहा। निस्संदेह, जब किसी खास या आम पर देश की स्थापित व्यवस्था के खिलाफ काम करने अथवा कानून, अर्थव्यवस्था या समाज के खिलाफ राष्ट्रविरोधी कार्यों में लिप्त होने के आरोप लगाये जाते हैं तो उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत भी होने भी चाहिए। आरोप तार्किक होने चाहिए। आरोप का आधार राजनीतिक आकाओं की पसंद–नापसंद भी नहीं होनी चाहिए। फिर लोकतंत्र में विपक्ष और मीडिया के विभिन्न धाराओं से जुड़े लोगों के प्रति सहिष्णुता सत्तारूढ़ दल या सरकार की गरिमा को ही बढ़ाती है। लोकतंत्र में लोक की सर्वोच्चता होती है, तंत्र की नहीं। सत्ताधीशों को मानना चाहिए कि सतर्क विपक्ष व धारदार मीडिया भी लोकतंत्र के रक्षक ही होते हैं। लेकिन यहां राजनीतिक दलों का विरोध भी तार्किक व जनमानस के हितों के अनुरूप होना चाहिए। आरोप महज राजनीतिक लक्ष्यों के लिये सत्तारूढ़ दल को घेरने का जरिया नहीं होना चाहिए। यानी महज विरोध के लिये विरोध नहीं होना। वहीं मीडिया के लिये भी लक्ष्मण रेखा निर्धारित है। विरोध के लिये उसका आधार भी विश्वसनीय होना चाहिए और जवाबदेही जनता के प्रति होनी चाहिए। वहीं किसी राजनीतिक विचारधारा के मामले में भी उसे निरपेक्ष होना चाहिए। विडंबना यही है कि गढ़े हुए तथ्यों के आधार पर आरोप–प्रत्यारोपों का दौर जारी है। वहीं अर्द्धसत्यों को सत्य साबित करने की होड़ जारी है। यहां सवाल सरकारी एजेंसियों की पारदर्शिता व निष्पक्षता का भी है। ये सारे विवाद सभी पक्षों के नीर–क्षीर विवेक व पारदर्शी व्यवहार की जरूरत बताते हैं। वीरवार को शीर्ष अदालत में आप के पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया की शराब नीति में कथित भ्रष्टाचार विवाद प्रकरण में हुई गिरफ्तारी से जुड़े सवालों पर ईडी से तीखे सवाल किये गये। लगाये गये आरोपों की तार्किकता पर सवाल उठे कि जब मनीष सिसोदिया की मामले में सीधी भूमिका नहीं है तो उन्हें आरोपी क्यों बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी का केस ठोस सबूतों के आधार पर होना चाहिए अन्यथा जिरह के दौरान केस दो मिनट में गिर जाएगा। कोर्ट का कहना था कि यदि मनीष सिसोदिया की भूमिका मनी ट्रेल में नहीं है तो मनी लॉन्ड्रिंग में सिसोदिया आरोपियों में क्यों शामिल हैं। कोर्ट का कहना था कि मनी लॉन्ड्रिंग अलग कानून है। यह भी कि ईडी साबित करे कि सिसोदिया केस प्रापर्टी में शामिल रहे हैं। बहरहाल, अब कोर्ट उनकी जमानत याचिका पर बारह अक्तूबर को सुनवाई करेगी। इस बीच कोर्ट ने सरकारी गवाहों की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाये। कोर्ट का कहना था कि केस ठोस सबूतों की बुनियाद पर तैयार होना चाहिए। अनुमान के आधार पर केस तैयार नहीं किये जा सकते। कोर्ट का कहना था कि राजनीतिक कार्यकारी के निर्देशों पर नौकरशाहों को विवेकशील ढंग से विचार करना चाहिए। कोर्ट ने पूछा कि शराब नीति में कथित घोटाले मामले में सीबीआई चार्जशीट में अनुमानित राशि और ईडी की रिपोर्ट में उल्लेखित राशि में अंतर क्यों है। कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि नई शराब नीति से यदि किसी राजनीतिक दल विशेष को लाभ पहुंचा है तो उस पार्टी को इस केस में क्यों नहीं शामिल किया गया? वहीं दूसरी ओर आप सांसद संजय सिंह की कोर्ट में हुई पेशी के दौरान अदालत ने ईडी की कार्यशैली को लेकर कई तीखे सवाल पूछे। साथ ही यह भी पूछा कि उनकी कस्टडी क्यों जरूरी है। जिसके बाबत ईडी का तर्क था कि सांसद के घर से जो सबूत मिले हैं, उनसे जुड़े सवालों को लेकर पूछताछ जरूरी है। बहरहाल, ऐसे मामलों में एजेंसियों को तार्किक आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए।

इन गिरफ्तारियों के संकेत साफ हैं

–राजेश माहेश्वरी

> “ इतिहासकार सोहेल हाशमी, व्यंग्यकार संजय राजौरा एवं सेंटर फॉर टेक्नालॉजी एंड डेवलपमेंट के डी रघुनंदन शामिल हैं। पूछताछ के बाद दोनों के अलावा अन्य को जाने दिया गया। ”

देश में सरकार विरोधी लोगों की गिरफ्तारियों का सिलसिला जारी है। एक ओर तो आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, तो वहीं दूसरी तरफ ऑनलाइन न्यूज पोर्टल श्न्यूजक्लिकश के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उन्हें पोर्टल के एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती के साथ पुलिस कस्टडी में सौंपा गया है जहां हफ्ते भर दोनों से पूछताछ होगी। आप से राज्यसभा के सदस्य संजय सिंह को दिल्ली सरकार के कथित शराब घोटाले में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है तो न्यूजक्लिक पर आरोप है कि उसने चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिये धन लिया है। आप पार्टी के दो वरिष्ठ मंत्री शराब मामले में पहले से जेल में हैं– उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आबकारी मंत्री सत्येन्द्र जैन। दोनों पर शराब नीति में फेरबदल कर घूस लेने के आरोप हैं। इसी की कड़ी के रूप में संजय सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 10 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को पुरकायस्थ एवं चक्रवर्ती के अलावा और भी कई प्रतिष्ठित पत्रकारों को पुलिस ने पूछताछ के लिये बुलाया था। उनमें से कई के लैपटॉप व मोबाइल जब्त कर लिये गये थे। इनमें उर्मिलेश, अनिंद्य चक्रवर्ती, परंजॉय गुहा ठाकुरता, अभिसार शर्मा तो थे ही, इतिहासकार सोहेल हाशमी, व्यंग्यकार संजय राजौरा एवं सेंटर फॉर टेक्नालॉजी एंड डेवलपमेंट के डी रघुनंदन शामिल हैं। पूछताछ के बाद दोनों के अलावा अन्य को जाने दिया गया। ऐसे ही, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी के भतीजे अभिषेक बैनर्जी को कई पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली में उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे कृषि भवन के बाहर धरना दे रहे थे। उनसे पहले ही कथित कोयला घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय कई बार पूछताछ कर चुकी है। यह भी माना जाता है कि उन पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। कहने को तो ये सारे मामले अलग–अलग हैं लेकिन राजनैतिक रूप से देखें तो साफ हो जाता है कि इनका आपस में सूक्ष्म सम्बन्ध है। संजय सिंह एक बेहद मुखर सांसद हैं जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी सरकार के कट्टर आलोचकों में से एक माने जाते हैं। प्रभावशाली वक्ता होने एवं निडरता से अपनी बात रखने वाले संजय पर आरोप है कि शराब घोटाले के एक आरोपी बिचौलिये दिनेश अरोरा से उन्होंने दिल्ली के बार व रेस्त्रां मालिकों से उनकी पार्टी के लिये धन जुटाने को कहा था। अरोड़ा ने 82 लाख रुपये का चेक भी दिया था। उल्लेखनीय है कि संजय सिंह ने संसद में मोदी के मित्र कहे जाने वाले देश के प्रमुख कारोबारी गौतम अदानी के खिलाफ जोर–शोर से आवाज उठाई थी। ऐसे ही, अयोध्या के रामजन्मभूमि परिक्षेत्र में कथित जमीन घोटाले का भी संजय सिंह ने बहुत दमदारी से पर्दाफाश किया था। उस वक्त भाजपा के साथ मंदिर ट्रस्ट की बहुत भद्द पिटी थी। तभी से वे भाजपा की आंखों को खटक रहे थे। पुरकायस्थ की बात करें तो न्यूजक्लिक को एक निर्भीक पोर्टल के रूप में जाना जाता है जिसकी उन्होंने स्थापना की थी। वे देश के बहुत प्रतिष्ठित व साहसी पत्रकारों में से एक माने जाते हैं। सरकार से सवाल करने के कारण उनके प्रति भी केन्द्र सरकार व भाजपा की नाराजगी स्वाभाविक है। इतना ही नहीं, जिन पत्रकारों को पूछताछ के लिये बुलाया गया था, वे सारे अपने सरकार विरोधी रवैये के कारण जाने जाते हैं जो जनपक्षधरता की पत्रकारिता करते हैं और सरकार के लोकतंत्र विरोधी कदमों का पुरजोर विरोध करते हैं। सरकार से सवाल करना अपना पेशागत धर्म मानने वाले ये पत्रकार शासकीय कार्रवाई की जद से बाहर निकल गये हैं– ऐसा मानने वाले गलत साबित हो सकते हैं। अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाने की आदी मोदी सरकार का यह रवैया वैसा ही है जैसा कि पूरा देश पिछले 9 वर्षों से प्रत्यक्ष देख रहा है। संसद के बाहर हो या भीतर, विरोधी दलों के नेताओं पर अपनी जांच एजेंसियों– प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) तथा आयकर विभाग (आईटी) के छापे डलवाना तथा आधे–अधूरे आरोपों के आधार पर या बेवजह उन्हें गिरफ्तार करना मोदी सरकार की नीति और कार्यपद्धति में शामिल हो चुका है। अनेक प्रतिपक्षी नेता जेलों में बन्द हैं या विभिन्न आरोपों से सम्बन्धित पूछताछ से गुजर रहे हैं जिन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। जिन सांसदों को वह गिरफ्तार नहीं कर पाती उन्हें सदन से निलम्बित करना, उनकी आवाज को म्यूट कर देना अथवा उनके वाक्यांशों को कार्रवाई से निकाल देना मोदी सरकार के उपकरण हैं जो पूर्णतरू अलोकतांत्रिक हैं। स्वयं संजय सिंह को पिछली बार पूरे सत्र के लिये निलम्बित कर दिया गया था जिसके कारण उन्हें संसद परिसर में ही गांधी प्रतिमा के पास धरना देना पड़ा था। टीएमसी के ही डेरेक ओ ब्रायन भी निलम्बन झेल चुके हैं। गुजरात की एक कोर्ट द्वारा अवमानना के आरोप में हुई सजा के बाद राहुल गांधी की सदस्यता छीनी गयी थी।

सवेरा कितना खूबसूरत होता हे ना हर रोड़ सूरज यही तो सिखाता है

परिवर्तन नवलकथा भाग – 3
पिनल नागर, पाटन गुजरात

सुबह की पहली किरन के साथ शिव की आंखे खुलती हे रात तो उमा के यादो मे ही गुजर गई थी । वो खिड़की के बाहर जाकता हे की सवेरा कितना खूबसूरत होता हे ना हर रोड़ सूरज यही तो सिखाता हे की,अगर अंधेरा हे तो उजाला भी तो होगा, अगर आज ढल गये तो कल नई आशा के साथ खडे होंगे वो ये सोच ही रहा था की माँ की आवाज आती हे, बेटा चल जल्दी से नास्ता करले, रात को देर से आया था तो ठीक से खाना भी नहीं खाया था 7ो प्यार से माँ को देखता हे और कहता हे आप हर वड्.त मेरी ड़िक्र मत कीजिये थोड़ा अपनी सेहत पे ध्यान दीजिए। तभी माँ कहती हे, इतनी ही ड़िक्र हे तो एक बहु क्यु नहीं ला देता जो मेरे साथ तेरा भी ख्याल रखा करे माँ प्यार से उसके सिर पे हाथ रख देती हे और कहती के बेटा अगर तुझे कोई पसंद भी हे तो बता दे मे खुद जाकर तेरे रिश्ते की बात करूंगी 7पर शिव हसके बात टाल देता हें 7 शिव कहता हें आप मे और पापा हें ना बस और क्या चाहिए फर एक नड़र खिड़की की ओर देखते हुए मन मे कहता हें, जेसे कृष्णा राधा के बीना अधूरे हें वैसे ही ये शिव भी अपनी उमा के बीना अधूरा हें तभी शिव कहता हें अच्छा माँ मुझे अब रेडी भी होना हें, आज एक जरूरी काम याद आ गया हें 7अगर देरी हो जाए तो आप खाना खा लेना 7उसे जाता देख अनुराधाजी सोच मे पड़ जाती हें। पांच साल पहले की बात हें, तब उनके ऊपर आफतो का पहाड़ टूट पड़ा था 7एक एक्सीडेंट बस और क्या था !शिव के पापा व्हीलचेर पर आ गये 7छोटी बेटी रिया और शिव की ड़िम्मेदारी अब उन पर आ गई थी 7वो कहते हें ना अच्छे वड्.त मे सब साथ देते हें पर बुरे वड्.त मे खुद का साया भी साथ छोड़ देता हें 7 शिव के बड़े पापा, बुआ रिश्तेदार सभी आते मिलते पर कोई मदद के लिए हाथ नहीं देता था 7शिव ने भी घर के हालातो को देख एक छोटी सी साइड मे जॉब शुरू करदी7 बस यही से उभरते हुए शिव की शादी के बारे मे सोचा ही नहीं, और ड़ब भी सोचा तो शिव ने बात ही घुमा दी 7 तभी शिव माँ के पाव को छूता हें तभी अनुराधा जी का ध्यान बटता हें ओर वो कहते हें, (भगवान तने सो वर्ष नो करे - गुजराती भाषा)ईश्वर तुझे सो साल का आयुष्य दे शिव निकलता हें, तभी रामुकाका आवाज आवाज लगाते हें बेटा कार लेकर नहीं जाओगे शिव ना मे सिर हिलाके कहता हें बस यु ही बाइक पर नजदीक ही जाना हें काका7और वो जाने लगता हें चाय वाले काका देखते हें की ये तो वही साहब हें जो कल आये थे वो तुरंत कहते हें क्या बात हें साहबजी आप को चाय बहुत ही पसंद हें 7शिव हा मे सर हिलाकर मुस्कुरा देता हें काका कहते हें साहबजी चाय के साथ कुछ लेंगे तभी शिव कहता हें काका बस आपकी हाथ की चाय। शिव आज ऑरेंज कुर्ते और सड़ेद पायजामे मे था 7माथे पे चंदन का टीका शिव चाय की चुस्की लेते हुए कहता हें, काका कल आप कह रहे थे ना की किशोरजी का बेटा नेकदिल था। क्या हुआ था हुआ था उसेड़ काका कहते हें आप जानते थे उन्हें शिव हा मी भरता हें और कहता हें शायद वो सुमित हें जो मेरा बहुत ही करीबी दोस्त था। काका कहते हें हा जी साहबजी वो सुमित भैया, किशोरजी के छोटे बेटे आर्मी मे थे सुना हें 5 साल से उनका कुछ पता नहीं चला 7सब कहते हें की अब राजस्थान पोस्टिंग हुई थी तभी किसी लड़ाई मे वो लापता हो गये, कुछ लोंगोका कहना हें की वो नहीं रहे

शिव दोनों हाथो से सर पकडकर बैठ जाता हें और सोचता हें की मैंने हर वड्.त सिर्फ उमा की ड्डशी चाही ड़िरभी इतना गम क्यु आया उसके नसीब मे 7और सुमित उसीके साथ ये सब होना था 7कितना प्यारा दोस्त था मेरा 7तभी चाय वाले काका कहते हें की आप उनसे मिल ही क्यु नहीं लेते शायद वो भी अपना दर्द बाँट दे वरना किशोरजी कहा किसीसे खुले दिल से बाते करते हें 7 यही पास ही मे उनका मेडिकल का स्टोर हें 7 शिव मेडिकल स्टोर %

शिव सर ऊपर की तरफ कहता हें हा काका चलिए अब मे चलता हु 7और तभी एक गीत की धुन सुनाई देती हें, आदमी मुसाफिर हैं आता हें जाता हैं , आते जाते रास्ते मे यादें छोड़ जाता हैं, यादें छोड़ जाता हैं.......

शिव सोचता हे, ÷ये समय का खेल भी अजीब हे, जिसकी हसीं के लिए मे दूर चला गया उन दोनों के नसीब मे इतना दुख क्यु आ गया 7शिव बाइक स्टार्ट कर ही रहा था की पीछे से आवाज आई आप शिव हे नाड़ शिव त्रिवेदी ड़शिव हा मे सर हिलाता हे तभी वो लड़की आके कहती हे सर आपकी वजह से ही हम्म नए उभरते लेखकों को मौका मिलता हे शिव हल्की सी मुस्कान देकर नमस्कार करके निकलने लगता हे वो रास्ते मे बस उमा और सुमित के ख्यालो मे खोया रहता हे 7घर आके सोचता हे माँ से बात करू पर कहु तो क्या कहु की पापा ड़ब एक्सीडेंट हुआ था तभी किशोर अंकल नए सहारा नहीं दिया उन्हींसे वो मिलना चाहता था 7और इन सबमे उमा........ उमा का क्या दोषड़ अगर मे मिलूंगा तभी तो जान पाऊंगा की क्यु अंकल ने हमारी हेल्प नहीं कीड़ उमा और सुमित के साथ क्या हुआड़ अगर सुमित 5साल से गायब हे या कुछ और भी हुआ था तो क्या मुझे बताना जरूरी नहीं समझाड़ इतना पराया क्यु कर दीया उन्होंने तभी माँ की आवाज आती हे, बेटा रिया का ड़ोन था तुझे याद कर रही थी 7और पापा की दवाई भी लानी हे, ऑफिस से ड़ोन भी आया था 7अरे सुन भी रहा हे....... हे महादेव क्या करू मे इस लड़के का कभी कभी हद ही कर देता हे........। माँ शिव की ओर देखते हुए क्या बात हे बेटाड़ दो दिन से देख रही हु तेरा ध्यान नहीं हे, कुछ बात हे तो बतादे 7 शिव दर्द भरी आँखों से माँ को देखता हे।

पुरानी पैंशन स्कीम गले की फांस

आदित्य नारायण

> “ पुरानी पैंशन व्यवस्था बहाली का मुद्दा गले की फांस बनता दिखाई दे रहा है। यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि जब हिमाचल, राजस्थान समेत पांच राज्य पुरानी पैंशन स्कीम को लागू कर चुके हैं तो इसे देश भर में लागू क्यों नहीं किया जा सकता। ”

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत देश के पांच राज्यों के विधानसभा और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से ठीक पहले पुरानी पैंशन व्यवस्था बहाली को लेकर हाल ही में दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई लाखों सरकारी कर्मचारियों की रैली से केन्द्र सरकार का चिंतित होना स्वाभाविक है। रैली में उमड़े लोगों की संख्या लाखों में होने के चलते पुराने आंदोलनों की याद आ गई। पुरानी पैंशन व्यवस्था बहाली का मुद्दा गले की फांस बनता दिखाई दे रहा है। यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि जब हिमाचल, राजस्थान समेत पांच राज्य पुरानी पैंशन स्कीम को लागू कर चुके हैं तो इसे देश भर में लागू क्यों नहीं किया जा सकता। केन्द्र सरकार पर अपने कर्मचारियों को न्यूनतम पैंशन देने का दबाव है। इसलिए कई फार्मूलों पर विचार किया जा रहा है। केन्द्र सरकार नैशनल पैंशन स्कीम की समीक्षा के लिए वित्त सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बना चुकी है। यह कमेटी पैंशन स्कीम को आकर्षक बनाने को लेकर सरकार को अपने सुझाव सौंपेगी। पहले आंध्र प्रदेश की जगन मोहन रेड्डी सरकार ने एक फार्मूला सुझाया था जिस पर विचार किया गया था लेकिन अब कुछ राज्यों ने मध्य मार्ग अपना कर न्यूनतम पैंशन को सुनिश्चित बनाने का सुझाव दिया है। राज्यों का सुझाव है कि पुरानी पैंशन स्कीम में प्राप्त अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पैंशन के रूप में दिया जाता है। उसे अब नौकरी शुरू करने के बाद प्राप्त न्यूनतम वेतन का 50 प्रतिशत पैंशन के रूप में दिया जाना चाहिए। राज्य सरकारें प्रत्येक कर्मचारी के लिए न्यूनतम पैंशन सुनिश्चित करना चाहती हैं। अभी तक कांग्रेस शासित राज्योंऔर आप पार्टी शासित पंजाब ने ही पुरानी पैंशन स्कीम बहाल की है। घरिजर्व बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान लगातार चेतावनी देते आ रहे हैं कि पुरानी पैंशन स्कीम लागू करने से राजकोष पर बहुत अधिक दबाव पड़ेगा और इससे राज्य सरकारों की अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा लेकिन अब यह मुद्दा चुनावी मुद्दा बन चुका है। इस मुद्दे का एक पहलू सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। वह यह है कि कर्मचारियों को इतनी कम पैंशन मिलती है जिससे वह न तो भरपेट भोजन खा सकते हैं और न ही अपने लिए आवश्यक दवाइयां खरीद सकते हैं। अब समस्या यह है कि नई पैंशन योजना सेवा के वर्षों से कोई इत्तेफाक नहीं रखती है बल्कि यह कार्पस बेस्ड है यानी जितना फंड एनपीएस अकाउंट में होगा उसी हिसाब से पैंशन लेकिन इससे उन कर्मचारियों के ऊपर संकट पैदा हो गया है जिनकी रेगुलर बेस पर नियुक्ति के बाद सेवानिवृत्ति महज 10 से 15 वर्षों के भीतर हो रही है या जिन राज्यों में एनपीएस का कर्मचारी अंशदान कई वर्षों तक काटा ही नहीं गया और न ही सरकारी अंशदान जमा किया गया। फलस्वरूप कोई फंड निवेशित ही नहीं हुआ और अब जबकि उनकी सेवानिवृत्ति या तो नजदीक है या हो गयी है। ऐसे सभी कर्मचारियों के लिए नेशनल पैंशन स्कीम, सेवानिवृत्ति पर न तो मिनिमम पैंशन की गारंटी देती है और न ही उन्हें पुरानी पैंशन की तरह अंतिम सैलरी के आधार पर पैंशन देती है। ऐसे कर्मचारियों को नाम मात्र फंड जमा होने के कारण नाम मात्र की यथा 500 रुपये से लेकर 2000 रुपये की पैंशन मिल रही है। जिसके कारण कर्मचारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। हालांकि पैंशन, राज्य का विषय है। चूंकि नेशनल पैंशन स्कीम एक कंट्रीब्यूटरी स्कीम है जिसमें पैंशन के लिए कर्मचारी से बेसिक सैलरी और महंगाई भत्ते का 10 प्रतिशत कर्मचारी अंशदान के रूप में काट लिया जाता है और साथ–साथ सरकार स्वयं 10 प्रतिशत के मुकाबले 14 प्रतिशत का अंशदान जमा करती है। जिसे तीन सरकारी संस्थानों में एलआईसी, एसबीआई और यूटीआई में निवेश किया जाता है ताकि कर्मचारी को मार्किट के अनुसार ब्याज मिल सके और ये संस्थान भी बेहतर परफार्म कर सकें व इन्हें मजबूत किया जा सके। इसके अलावा इसी प्लेटफॉर्म पर स्वावलंबन योजना, अटल पैंशन योजना और निजी क्षेत्र के लिए टियर 2 नाम से योजनाएं भी चल रही हैं। अब नैशनल पैंशन स्कीम के तहत 6 लाख करोड़ से भी अधिक निवेश हो चुका है। जिसका 85 प्रतिशत हिस्सा लोंग टर्म यानी सरकारी प्रतिभूतियों में और 15 प्रतिशत शेयर मार्किट में लगाया जा चुका है। अब यदि नैशनल पैंशन स्कीम को खत्म कर घदिया जाए तो कई योजनाएं बंद हो सकती हैं। जिन राज्यों ने एनपीएस लागू किया उन्होंने कई वित्त संस्थानों के साथ अलग–अलग एग्रीमैंट भी कर रखे हैं। यह एग्रीमैंट पुरानी पैंशन बहाली की योजना में आड़े आ सकते हैं। पुरानी पैंशन योजना की बहाली राज्य सरकारों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यह भी वास्तविकता है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानजनक पैंशन नहीं मिल रही। यह भी देखना होगा कि जिन राज्यों में पुरानी पैंशन स्कीम बहाल की है वो किस तरह से इसके लिए फंड की व्यवस्था करते हैं। आंदोलनकारी कर्मचारी वोट की चोट से संदेश देने का संकेत दे रहे हैं। पैंशन शंखनाद महारैली ने राजनीतिक रंग भी दिखा दिया है। दूसरी ओर आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि कोई ऐसा कदम नहीं उठाया जाना चाहिए जो देश की आर्थिक सेहत से खिलवाड़ कर जाए। फिलहाल यह एक बड़ा चुनावी मुद्दा बन चुका है। देखना है कि केन्द्र सरकार कौन सा फार्मूला अपनाती है जो सभी को स्वीकार्य हो।

कांग्रेस के चंबल संभाग प्रभारी फूलसिंह बरैया का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नेता व चंबल संभाग कांग्रेस संगठन के प्रभारी फूल सिंह बरैया का भिंड मेला ग्राउंड पर जिला कांग्रेस के जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद की तरफ से भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों मुख्य रूप से रामकिशोर भारद्वाज एडवोकेट,नयन सिंह राजावत,रानू भदोरिया,जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद,भागीरथ सिंह कुशवाहा, रहमान खान,पप्पू ,राजेंद्र कुमार ,अब्राहम सिंह बघेल ,शैलेंद्र सिंह भदोरिया, बाल कांग्रेस अध्यक्ष शैलू गोपाल सिंह राजावत, इरशाद खान गांधी,आशीष कुमार शर्मा,शान मोहम्मद खान,हिम्मत राम दोहरे, सुरेश शर्मा ,विनोद सिंह कुशवाहा, हनीफ खान,राजू बघेल सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

नशा एक सामाजिक बुराई के साथ साथ सामाजिक पतन भी है : सुनील दुबे

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । मध्य प्रदेश सामाजिक न्याय विभाग के निर्देशन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित संस्था चौधरी रूप नारायण दुबे समाज कल्याण समिति द्वारा जिला स्तरीय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती को मध्य निषेध सप्ताह के रूप में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2023अन्तर्गत इग्नू स्टडी सेंटर पर संगोष्ठी आयोजित की गई, पोस्टर प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता, वाद विवाद, आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए, एवम प्रचार प्रसार के माध्यम से युवाओं को नशे के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में एमजीडी स्कूल के प्राचार्य कुलदीप मिश्रा ने युवाओं व प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए नशे से होने वाले दुष्परिणामों को विस्तार से बताया। वहीं बाल कल्याण समिति के प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट शक्ति प्राप्त सुनील दुबे ने कहा कि जीवन जिए तो महात्मा गांधी जी जैसा, उनका जीवन सादा जीवन उच्च विचार की अवधारणा से पर्णपूर्ण था जिसने उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी बनाया जिन्हें हम ही नहीं आगे आने वाली पीढ़ी भी आदेश मानती रहेंगी। कार्यक्रम समापन समारोह में नशा मुक्ति को लेकर आयोजित किए भाषण प्रतियोगिता, वाद विवाद तथा चित्रकला प्रतियोगिता में मयंक दुबे, सनी चौधरी, सार्थक सेंगर, समर्थ मिश्रा को पुरुष्कार से सम्मानित किया गया,कार्यक्रम में अंकित दुबे, आशु बघेल,वैभव दुबे,ओम तिवारी, वैभव जोशी, अभिषेक शर्मा ने सराहनीय पहल की।

चुनाव में प्रत्याशी उतारने के लिए हटीले हनुमान जी मंदिर पर हुई धानुक समाज की बैठक आयोजित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद। विधानसभा अनुसूचित जाति आरक्षित क्षेत्र क्रमांक 13 के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में महेश कुमार धानुक को प्रत्याशी के रूप में अधिकृत किया धानुक समाज की बैठक हठीले हनुमान जी मंदिर पर आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति से महेश कुमार धानुक का नाम रखा गया अभी तक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13 में कांग्रेस और भाजपा का विधायक बनता रहा है लेकिन अनुसूचित जाति में व्यवस्था परिवर्तन के सहयोग से बैठक आयोजित कर धानुक समाज को प्रतिनिधित्व सौंपने का विचार विमर्श किया जिसमें सर्व सम्मति से महेश कुमार धानुक का नाम चयनित किया इस अवसर पर महेश कुमार ने कहा की विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह समस्याओं का अंबार लगा हुआ है एवं यहां जो भी प्रतिनिधि चुने गए हैं उन्होंने अभी तक गोहद विधानसभा का विकास न करते हुए सिर्फ अपना विकास किया है जबकि जनता की मांग है कि यहां से किसी नए प्रत्याशी को मौका दिया जाए अभी तक सिर्फ भाजपा और कांग्रेस को ही मौका मिलता रहा है जो कि क्षेत्र का विकास न करते हुए सिर्फ अपने विकास में लग जाते हैं यदि जनता जनार्दन ने मुझे मौका दिया तो क्षेत्र में जगह-जगह कैंप लगाकर समस्याएं सुनी जाएगी एवं क्षेत्र की समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा इस अवसर पर मीटिंग में लगभग एक सेकडा से अधिक लोग उपस्थित हुए एवं सर्व सम्मति से फैसला लिया गया।

हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार का शानदार गरबा महोत्सव का शुभारंभ 18 अक्टूबर से-

कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम के प्रांगण में शहर की दो दर्जन से अधिक गरबा टीम नृत्य कौशल का करेगी प्रदर्शन

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो) रीवा। गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार रजत जयंती गरबा महोत्सव कार्यक्रम कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में 18 अक्टूबर से आयोजित होगी। गुजराती तर्ज पर धार्मिक गीतों में मां जगदंबा को प्रसन्न करने शहर के दो दर्जन से अधिक गरबा टीमें इस बार कार्यक्रम में अपने नृत्य कौशल का प्रदर्शन करेंगी। उक्त जानकारी पत्रकारों से होटल जीत सभागार में चर्चा करते हुए हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार के आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी सुनील अग्रवाल नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा युवा अध्यक्ष सुमित मांज़वानी के उपस्थित में देते हुए बताया कि गरबा महोत्सव आयोजन की पूर्ण तैयारी समिति के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक सचिव राजीव वर्मा गुड्डू महासचिव सुरेश बिश्नोई, श्रीप्रकाश तोमर रामसखा यादव के देख रेख में की जा रही है। गरबा महोत्सव का कार्यक्रम 18 अक्टूबर के 23 अक्टूबर तक शाम 6ः00 बजे से जिला प्रशासन के गाइड लाइन अनुसार रात्रि 10ः00 बजे तक आयोजित होगी

जिसमें कलाकारों द्वारा एक दिन मतदान दिवस पर विशेष गरबा नृत्य का प्रदर्शन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए किया जाएगा तथा 24 अक्टूबर को शहर के कला प्रेमियों की मांग पर ओपन गरबा डांडिया का कार्यक्रम आयोजित होगा उन्होंने आगे कहा कि विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार द्वारा भगवान श्री राम द्वारा अन्याय के प्रतीक रावण का वध करने के बाद जीत उत्सव को मनाने श्री राम धर्म विजय उत्सव यात्रा शहर में श्री राम दरबार झांकी के साथ मानस भवन से निकल जाएगी।

विभिन्न विकास कार्यों का ग्राम पंचायत डेल्ही में विधानसभा अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा मंनगवा,रीवा। मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम द्वारा ग्राम पंचायत डेल्ही जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया जिसमें मेंन रोड से जंजाली बाबा मंदिर ग्रेवल रोड, लागत 14,95 लाख, जंजाली बाबा मंदिर में चबूतरा निर्माण, लागत 6 लाख, जंजाली बाबा घाट निर्माण, लागत 4 लाख, की आधारशिला

रखी उन्होंने कहा कि विकास कार्यों

को करने में अंतिम सांस तक कोई कसर नहीं छोड़ूंगा मेरे विधानसभा अंतर्गत हर ग्राम पंचायत में सड़क हो कोई भी ऐसा घर ना हो जो सड़क से छूटा रहे सभी घरों तक आईसीसी, ग्रेवल, आदि सड़कों का जाल हो मंदिर में चबूतरा निर्माण से धार्मिक आयोजन करने पर दिक्कत होती थी वह भी पूरा हो जाएगा आने वाले समय में जो भी विकास कार्य अधूरे रह जाएंगे उसे भी पूरा करेंगे उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से जंजाली बाबा मार्ग अपेक्षित पड़ा था अब उसके लिए भी रशि मंजूर हो गई है जल्द ही जंजाली बाबा पहुंच मार्ग कंप्लीट हो जाएगा। और ग्रामवासी आसान तरीके से अपने भोलेनाथ के दर्शन कर सकेंगे। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच शतरूपा नवेद्र पांडे, सचिव श्रीनिवास पटेल,प्रमोद तिवारी, रविंद्र नाथ मिश्रा, नवेंद्र पाण्डेय, मोहन लाल तिवारी, उदय प्रकाश सिंह मंटू ,संदीप दहिया, मनोज साहू, मंशुख सोनी, सतीश पाण्डेय, सन्तोष मिश्रा, लव कुश पांडेय, दादू शुक्ला, हरिहर चरण पांडेय, शशी पाण्डेय, लक्ष्मण पाण्डेय, रामाश्रय कोल, मल्हे लोहार, नवीन तिवारी, भास्कर पाण्डेय, सुभाष पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, पप्पू साहू, रामभान तिवारी, अजय पाण्डेय, आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

नियम विरुद्ध चल रहे निजी अस्पतालों पर आखिर कब लगेगा अंकुश

दीप माला हॉस्पिटल में देर रात हुआ मरीज की जान से खिलवाड़, चंद पैसों के लिए मरीज को दूसरे अस्पताल में रेफर ना होने देने से गई मरीज की जान

दैनिक पुष्पांजली टुडे सतना। जिले की मेडिकल व्यवस्था पर देर रात एक बार फिर उठे सवाल, चंद पैसों के लिए मरीज को अस्पताल में कैद कर लेने की वजह से गई एक मासूम की जान, सीएमएचओ को इस बड़े मामले में देना होगा बयान, परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन को ठहराया मौत का जिम्मेदार ।जानकारी के अनुसार सतना शहर के भरहुत नगर में स्थित दीप माला हॉस्पिटल में देर रात एक मरीज की तबियत बिगड़ी जिसके बाद परिजनों ने लगातार हॉस्पिटल में मौजूद मालिक एवं स्टाफ से मरीज को रीवा रेफर कर देने की बात कही लेकिन हॉस्पिटल के संचालक गौतम जी ने मरीज़ की जान से ज्यादा पैसों को महत्व दिया जिसका मौजूद है प्रमाण, अब इस मामले में जिला प्रशासन क्या एक्शन लेगा कल से सभी की निगाहे इसी तरफ जुटने को है तैयार। नियम विरुद्ध चल रहे दीपमाला हॉस्पिटल में मरीज की जान से खिलवाड़, चंद पैसों के लिए मरीज को दूसरे अस्पताल में रेफर ना होने देने से गई मरीज की जान, अस्पताल प्रबंधन मैनेजमेंट में जुटा।

चित्रकूट एकलव्य आवासीय विद्यालय में दो दर्जन से अधिक बच्चों को तबियत बिगड़ी, सभी अस्पताल में भर्ती

दैनिक पुष्पांजली टुडे
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)

सतना। जिले की धार्मिक नगरी चित्रकूट में स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय में करीब 2 दर्जन छात्र छात्राएं अचानक भोजन खाने के बाद बीमार पड़ गई, जिन्हें आवासीय विद्यालय के प्रबंधन द्वारा आनन-फानन में जानकी कुंड अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बच्चों का उपचार किया जा रहा है. प्रथम दृष्टया दूषित भोजन करने से बच्चों की तबीयत बिगड़ी है और ये फूड प्वाइजनिंग बताया जा रहा है, हालांकि इस मामले पर आवासीय विद्यालय प्रबंधन मीडिया के सामने आने से बचत हुआ नजर आ रहा है.फूड पॉइजनिंग के बाद अस्पताल में भर्ती हुए बच्चेःमध्य प्रदेश के सतना जिले की धार्मिक नगरी और भगवान श्रीराम की तपोभूम चित्रकूट के एकलव्य आवासीय विद्यालय मे शनिवार की देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब आवासीय विद्यालय में अध्ययन करने वाले करीब दो दर्जन छात्र छात्राओं की अचानक तबियत बिगड़ गई. बच्चों की तबीयत इस कदर बिगड़ी कि उनकी जान पर बन आई, आनन-फानन में स्कूली छात्राओं को इलाज के लिए चित्रकूट में स्थित जानकी कुंड चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है. जहां बच्चों का हालत नाजुक बताई जा रही है.सवालों से बचता नजर आया स्कूल प्रशासनःजानकारी के मुताबिक बच्चों ने शनिवार की देर शाम आवासीय विद्यालय में भोजन किया था, उसके बाद वह अपने कमरे में जाकर सोने चले गए थे. लेकिन अचानक बच्चों की जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज सामने आने लगी और कुछ बच्चों ने पेट दर्द की शिकायत की. इसके अलावा कुछ बच्चों को चक्कर आने लगा और बच्चे परेशान होने लगे. आवासीय विद्यालय में मौजूद स्टाफ के द्वारा विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों को जानकारी दी गई, जहां से विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया. जैसे ही बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां विवाद की स्थिति भी बनी. सबसे बड़ी बात यह है कि आवासीय विद्यालय प्रबंधन से इस मामले पर जब मीडिया ने बात करनी चाही तो विद्यालय प्रबंधन इस मामले से मीडिया के नजरों से बचत हुआ नजर आया और कुछ भी कहने से इनकार कर दिया.

पुलिस अधीक्षक मऊगंज के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण किया दर्ज

नईगढ़ी पुलिस ने किया अनसुना तो पीढ़िता ने पुलिस अधीक्षक से लगाई थी न्याय की गुहार

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा पुष्पेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ मऊगंज मऊगंज। अन्याय अत्याचार के खिलाफ सख्त पुलिस अधीक्षक बीरेन्द्र जैन की न्यायप्रिय कार्यशैली से फरियादियों को न्याय मिल रहा है। जहां श्री जैन के निर्देश पर एक महिला के साथ मारपीट करने बाले आरोपियों खिलाफ अंततः नईगढ़ी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उक्त मामला दिनांक 03 अक्टूबर 23 का है जब फरियादिया अन्तिमा त्रिपाठी पति देवेन्द्र त्रिपाठी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम जोरौट थाना नईग?ी जिला मऊगंज (म.प्र.) ने नईगढ़ी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने खेत मे धान लगवाई थी तो मेरे जेठ सीताशरण त्रिपाठी का लड़का शुभम त्रिपाठी उसके खेत में भैस बांध दिया तो शुभम त्रिपाठी को अपने खेत मे भैस बांधने से मना की खेत में धान लगी है वहां से अपनी भैंस हटा ले तो शुभम त्रिपाठी उससे गाली गलौज करते हुए हटाने से इंकार किया तब उसने शुभम त्रिपाठी को गाली देने से मना की तो वही पर पड़े डंडा से मुझे मारने लगा इतने में शुभम त्रिपाठी की मां सरोज त्रिपाठी भी अपने बेटे के साथ मारपीट शामिल हो गई है,जब उसने हल्ला गोहार मचाया तो नीतू त्रिपाठी व नीतू की माता ने पहुंचकर बीच बचाव किये। मारपीट से वह चोटिल हो गई,लेकिन नईगढ़ी पुलिस ने शिकायत को असंज्ञेय बताया और गम्भीरता से नही लिया ।जिसके बाद पीढ़िता मऊगंज पुलिस

अधीक्षक श्री जैन के पास न्याय की गुहार लगाई जिसके उपरांत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कल नईग?ी पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपी शुभम त्रिपाठी और उसकी मां सरोज त्रिपाठी के खिलाफ भा.द.स.की धारा 323,294,34 के तहत मामला दर्ज किया है।

आखिर पुलिस ने शराब ठेकेदार सोम गुप के मैनेजर को क्यों दिया अभयदान,रीवा पुलिस के कार्यप्रणाली पर उठे सवाल..?

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। बीती रात को सिटी कोतवाली पुलिस ने बिछिया शराब दुकान से कुछ ही दूरी पर 7 पेटी शराब के साथ एक पैकार को धर दबोचा किंतु पुलिस ने मामला नहीं कायम किया मीडिया के सुर्खियों पर बनने पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर सिटी कोतवाली पुलिस ने पैकार के ऊपर मामला दर्ज किया वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब तो बिछिया शराब सोम शराब समूह की बताई जा रही थी सोम शराब समूह के मैनेजर बबलू मिश्रा व दिनेश सिंह के अपने आप को बचाने के लिए शराब दुकान के कर्मचारी के ऊपर पुलिस पर दबाव बनाकर कार्यवाही कराने की कोशिश में लगे हैं एक ओर पुलिस ने पैकार के ऊपर मामला कायम करके अपना हाथ साफ कर लिया आखिर क्या वजह थी ..की पुलिस ने सोम ग्रुप के मैनेजर को अभयदान दे दिया यदि कहा जाए तो सोम ग्रुप द्वारा रीवा जिले के कोने-कोने पर अवैध शराब की बिक्री करवाई जा रही है तो फिर ये भी कहना गलत नहीं होगा कि सोम ग्रुप को आबकारी से लेकर रीवा पुलिस का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

तेज रफ्तार कार ने ज्योति स्कूल के छात्र को मारी टक्कर, मौत

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा। शहर के समान थाना क्षेत्र के बजरंग नगर मोड़ के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ जहा तेज रफ्तार कार ने ज्योति स्कूल के एक छात्र को बुरी तरह कुचल दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। हालाकि स्थानीय जनों की मदद से घायल छात्र को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया जहां जांच के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कर सिरमौर चौराहा फ्लाई ओवर से नए बस स्टैंड की ओर जा रही थी जैसे ही कार फ्लाई ओवर से उतरकर बजरंग नगर मोड़ पहुंची थी की साइकिल से जा रहे ज्योति स्कूल के छात्र को जोरदार टक्कर मार दी। घटना की जानकारी लगते ही वहा भीड़ जमा हो गई। सूचना देने पर मौके पर समान थाना पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस एवं स्थानीय जनों की मदद से घायल छात्र को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर इसे कार्रवाई में लिया है और पीएम के लिए शव को मर्चुरी में रखवा दिया है। सूत्रों की माने तो ज्योति स्कूल में कक्षा 8 का छात्र है जिसका नाम सक्षम अग्रवाल पिता सिद्धार्थ अग्रवाल निवासी तरहटी थाना सिटी कोतवाली बताया गया है। वह रविवार की सुबह साइकिल से ज्योति स्कूल स्पोर्ट्स के लिए जा रहा था कि तेज रफ्तार कार ने उसकी जान ले ली।

एशियाई खेल : भारतीय महिला कबड्डी टीम ने जीता स्वर्ण

हांगझू। भारतीय महिला कबड्डी टीम ने शनिवार को हांगझू में 19वें एशियाई खेलों में महिला टीम कबड्डी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय कबड्डी खिलाड़ियों ने शनिवार को चीनी ताइपे के खिलाफ 26-25 से जीत हासिल कर महिला टीम कबड्डी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। अपने अभियान के शुरुआती मैच में दोनों टीमों ने 34-34 से टाई खेला था। एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण पदक मैच में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ 14-9 की बढ़त ले ली। भारतीय रेडरों ने पहले हाफ में छह बोनस अंक हासिल किए। दूसरे हाफ में चीनी ताइपे ने बढ़त बनाई और 16 अंक हासिल किए, जबकि भारतीय 12 अंक ही हासिल कर पाए. हालांकि, दूसरे हाफ में भारतीय रेडरों ने दो बोनस अंक हासिल किए। लेकिन अंत में, पहले हाफ में अपने शानदार प्रदर्शन के कारण भारतीय टीम ने जीत हासिल की। इससे पहले गुरुवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने नेपाल को 61-17 से हराकर महिला कबड्डी के फाइनल में जगह बनाई थी.

एशियाई खेलः अदिति गोपीचंद स्वामी ने कंपाउंड तीरंदाजी महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

हांगझोउ। भारतीय तीरंदाज अदिति गोपीचंद स्वामी ने शनिवार को हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में महिला कंपाउंड तीरंदाजी महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक

जीता। गोपीचंद ने कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में इंडोनेशिया के रतिह ज़िलिज़ति फादली को 146-140 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया। अदिति ने पहले सेट से ही खेल पर अपना दबदबा बना लिया जबकि इंडोनेशियाई खिलाड़ी पिछड़ गई और अंततः पदक की दौड़ से बाहर हो गई। अदिति ने निरंतरता बनाए रखी और पहले तीन सेटों में 29 अंक बनाए। चौथे गेम में उन्होंने 30 अंक हासिल किए और इसके बाद आखिरी सेट में 29 अंक हासिल किए।

भारतीय तीरंदाज ने खेल में भारत के प्रभुत्व को दर्शाते हुए पहले सेट से अच्छी बढ़त बनाए रखी। इस बीच, उभरती हुई भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कंपाउंड तीरंदाजी महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में दक्षिण कोरिया की चैवोन को 149-145 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत फिलहाल कुल 100 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। इन 100 पदकों में 25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य पदक शामिल हैं।

एशियाई खेल : भारतीय पहलवान किरण, सोनम और अमन ने जीता कांस्य पदक

हांगझू। भारतीय पहलवान किरण बिश्नोई, सोनम मलिक और अमन ने एशियाई खेलों में भारत के लिए कांस्य पदक हासिल किया। किरण ने महिलाओं की 76 किग्रा फ्रीस्टाइल में मंगोलिया की अरियुंजरगा गनबत को 6-3 से हराकर कांस्य पदक जीता।

वहीं, अमन ने पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर चीन के मिंगु लियू को हराकर कांस्य पदक जीता। 20 साल के अमन ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर चीन के मिंगु लियू को 11-0 से हराया। इससे पहले सोनम ने महिलाओं की 62 किग्रा फ्रीस्टाइल में चीन की जिया लॉन्ग को 7-5 से हराकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। बता दें कि अमन को पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा सेमीफाइनल में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जापानी पहलवान तोशीहिरो हसेगावा के खिलाफ 10-12 से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्हें कांस्य पदक मुकाबले में उतरना पड़ा, वहीं, शुक्रवार को लगातार 10-0 से जीत दर्ज करने वाली सोनम सेमीफाइनल में कोरिया गणराज्य की मुन ह्योंगयोंग से 0-7 से हार गईं। इस बीच, किरण भी अपना सेमीफाइनल मुकाबला कजाकिस्तान की झामिला बाकबर्गेनोवा से 4-2 से हार गईं थीं। भारत ने अब तक एशियाई खेलों में कुल 93 पदक जीत लिये हैं, जिनमें 21 स्वर्ण, 33 रजत और 39 कांस्य पदक शामिल हैं।

भारत का एशियाई खेलों में शतक पूरा

हांगझू। भारत ने एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए आज पदकों का शतक पूरा कर झंडा ऊंचा कर दिया। 19वें एशियाई खेलों में शनिवार को भारतीय महिला कबड्डी टीम ने यहां स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ 26-25 से जीत हासिल की। भारत फिलहाल कुल 100 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर है।एशियाई खेलों का आज 14वां दिन है। पिछले 13 दिन में भारत ने कुल 95 पदक जीते थे। यह एशियाई खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत को पहले दिन पांच, दूसरे दिन छह, तीसरे दिन तीन, चौथे दिन आठ, पांचवें दिन तीन, छठे दिन आठ, सातवें दिन पांच, आठवें दिन 15, नौवें दिन सात,

दसवें दिन नौ, 11वें दिन 12, 12वें दिन पांच और 13वें दिन नौ पदक मिले थे। आज भारत के पदकों की संख्या 100 के पार जानी तय है। भारत के पास अभी 25 स्वर्ण, 35 रजत और 40 कांस्य पदक हैं।

एशियाई खेलः प्रवीण ओजस, अभिषेक वर्मा ने पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में स्वर्ण और रजत पदक जीता

हांगझू। प्रवीण ओजस देवताले और अभिषेक वर्मा ने शनिवार को 19वें एशियाई खेलों में पुरुषों की कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। प्रवीण ने अभिषेक को 149-147 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इन पदकों के साथ, भारत के पास तीरंजादी में अब कुल 9 पदक हो गए हैं, जिनमें कंपाउंड तीरंदाजी में 6 स्वर्ण शामिल हैं। यह कंपाउंड तीरंदाज़ी स्पर्धा में भारत द्वारा दर्ज किया गया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शनिवार को तीरंदाजी और अन्य स्पर्धाओं में पदकों के साथ, भारत ने इस एशियाड में 100 पदक हासिल करने का अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है। हांगझू खेलों में भारत की पदक संख्या वर्तमान में 100 है, जिसमें 25 स्वर्ण, 35

रजत और 40 कांस्य पदक शामिल है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने अपने आधिकारिक हैंडल एक्स पर पोस्ट किया, कंपाउंड तीरंदाज प्रवीण ओजस देवतले (खेलो इंडिया एथलीट) और अभिषेक ने एशियाई खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। यह भारत के लिए 8वां और 9वां पदक है और कंपाउंड तीरंदाजी में छठा स्वर्ण पदक, जो एशियाई खेलों में अब तक की सर्वोच्च पदक संख्या है।आप दोनों को बहुत-बहुत बधाई।

एशियाई खेलः ज्योति सुरेखा ने महिला कंपाउंड तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता

हांगझू। भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शनिवार को 19वें एशियाई खेलों में महिला कंपाउंड तीरंदाजी में स्वर्ण पदक हासिल किया। उभरती हुई भारतीय तीरंदाज ने दक्षिण कोरिया के चैवोन सो को 149-145 के अंतर से हराया। शनिवार को अपनी जीत के साथ, वेन्नम ने अब कुल तीन स्वर्ण पदक हासिल कर लिए हैं, जिसमें तीरंदाजी कंपाउंड महिला टीम और मिश्रित टीम कंपाउंड तीरंदाजी पदक शामिल हैं।

इस बीच, अदिति गोपीचंद ने भी महिलाओं की कंपाउंड तीरंदाजी में इंडोनेशिया की रतिह



ज़िलिज़ती फधली को 146-140 के अंतर से हराकर रजत पदक हासिल किया।

ज्योति, अदिति और परनीत की तिकड़ी ने तीरंदाजी कंपाउंड महिला टीम स्पर्धा में चीनी ताइपे की यी-ह्सुआन चेन, आई-जौ हुआंग और लू-यून वांग को 230-229 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

ज्योति सुरेखा और प्रवीण ओजस देओताले ने इन खेलों में दक्षिण कोरिया के चैवोन सो और जाहून जू के खिलाफ फाइनल में जीत हासिल करने के बाद मिश्रित टीम कंपाउंड तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता।

ओडिशा सरकार का बड़ा ऐलान, स्वर्ण पदक विजेता हॉकी खिलाड़ियों और स्टाफ को मिलेंग इतने लाख रुपए

भुवनेश्वर। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरूष हॉकी टीम को बधाई देते हुए ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हर खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य को पांच पांच लाख रुपए नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया है। पटनायक ने शुक्रवार को कहा कि एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली टीम को उनके इस प्रदर्शन के सम्मान में यह पुरस्कार दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉल के जरिये खिलाड़ियों से बात भी की। उन्होंने कहा, 'भारतीय पुरूष हॉकी टीम को बधाई। उनके समर्पण और अथक परिश्रम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि हॉकी वाकई भारत का खेल है।

ओडिशा में हमारे दिलों में हॉकी की खास जगह है और यह ऐतिहासिक दिन हमारी स्मृतियों में हमेशा रहेगा। पेरिस ओलंपिक के लिए टीम को शुभकामना।' ओडिशा 2018 से भारतीय हॉकी टीमों का प्रायोजक है।

पीएम मोदी ने एशियाई खेलों में 100 पदक हासिल करने पर की भारतीय दल की सराहना, कहा-यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि

नई दिल्ली। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चीन के हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में 100 पदक हासिल करने के अपने लक्ष्य को पार करने पर भारतीय दल को बधाई दी।

पीएम मोदी ने एक्स पर 19वें एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय एथलीटों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

शनिवार को कबड्डी फाइनल में भारतीय महिलाओं द्वारा चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही देश बहु-खेल प्रतियोगिता में 100 पदकों की संख्या तक पहुंच गया। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट के माध्यम से जानकारी दी कि वह 10 अक्टूबर को एशियाई खेलों में भारतीय दल की मेजबानी करेंगे, उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से उन एथलीटों के साथ बातचीत करेंगे, जिन्होंने देश को 100 तक पहुंचने में मदद करने के लिए व्यक्तिगत और टीम प्रदर्शन के साथ 19वें एशियाई खेलों में भारत को गौरवान्वित किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया,एशियाई खेलों में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि! भारत के लोग रोमांचित हैं कि हम 100 पदकों की एक उल्लेखनीय उपलब्धि तक पहुंच गए हैं। मैं अपने अभूतपूर्व एथलीटों को हार्दिक बधाई देता हूं जिनके

प्रयासों से भारत के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। हर कोई आश्चर्यचकित है। प्रेरणादायक प्रदर्शन ने इतिहास रच दिया है और हमारे दिलों को गर्व से भर दिया है। मैं 10 तारीख को हमारे एशियाई खेलों के दल की मेजबानी करने और हमारे एथलीटों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। एशियाई खेलों 2023 में स्वर्ण पदक मैच में महिला कबड्डी टीम ने चीनी ताइपे 26-25 से हराकर भारत के लिए 25वां स्वर्ण पदक जीता और देश की पदक संख्या 100 तक पहुंच गई।

चेपॉक में शानदार है ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। मेजबान भारत अपने वनडे विश्व कप 2023 अभियान की शुरुआत रविवार 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 5 बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से करेगा। चेपॉक पारंपरिक रूप से स्पिनरों के अनुकूल स्थल के रूप में जाना जाता है। जिस ट्रैक पर भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया का खेल खेला जा रहा है, उसके रैंक-टर्नर होने की उम्मीद है और स्पिन द्वारा संभावित परीक्षण से पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

भारत अंतिम एकादश में तीन स्पिनरों - कुलदीप यादव, रवींद्र जड़ेजा और रविचंद्रन अश्विन के साथ उतर सकता है, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने नेट्स में स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपने कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित किया। डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, स्टीव स्मिथ और कंपनी जैसे लोगों ने एडम जम्पा, डी' आर्सी शॉर्ट, मार्नस लाबुशाने और अन्य स्थानीय नेट गेंदबाजों जैसे अपने ही ट्विकर्स का सामना किया। टर्निंग ट्रैक पर ऑस्ट्रेलियाई टीम को गेंद को अंतराल में भेजकर स्कोरबोर्ड को टिके रखने के महत्व को पता है क्योंकि सीमाएं बनाना मुश्किल हो सकता है। नेट्स में स्पिनरों ने ज्यादातर गेंदबाजी की, लेकिन

तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी अन्य स्थानीय तेज गेंदबाजों के साथ कुछ समय तक गेंदबाजी की।

'मेन इन येलो' का जन्म और पालन-पोषण भले ही घर में तेज और उछाल भरी पिचों पर हुआ हो, लेकिन वे उपमहाद्वीप के बाहर के कुछ अन्य देशों की तुलना में स्पिन को बेहतर ढंग से खेलते हैं। चेपॉक में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड विभिन्न परिस्थितियों में उनकी अनुकूलन क्षमता को बताता है और यह भी बताता है कि वे शीर्ष क्रिकेट खेलने वाले देशों में से एक क्यों हैं।

ऑस्ट्रेलिया और भारत का रिकॉर्ड

आयोजन स्थल पर 6 मैचों में ऑस्ट्रेलिया 5 जीतने में सफल रहा और केवल एक बार हारा है। इस बीच भारत ने चेपॉक पर 14 मैच खेले हैं, जिनमें से सात में जीत और छह में हार मिली है। इनमें से एक खेल बिना किसी परिणाम के समाप्त हुआ।

संभावित प्लेइंग 11

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह

ऑस्ट्रेलियाः डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी/जोश इंग्लिस, एडम ज़म्पा, मिशेल स्टार्क, सीन एबॉट, पैट कमिंस (कप्तान)

एशियन गेम्सः टीम शतरंज : 2 रजत पदक की ओर बढ़ा भारत

हांगझाओ , चीन। एशियन गेम्स के टीम शतरंज मुकाबलों में सात राउंड के बाद भारत की पुरुष और महिला दोनों टीम रजत पदक की ओर बढ़ती नजर आ रही है । भारत पुरुष वर्ग में ईरान से तो महिला वर्ग में चीन से सिर्फ एक मैच अंक पीछे चल रहा है और क्यूंकी शीर्ष पर चल रही टीमें अधिकतर प्रमुख टीमों से मुक़ाबला खेल चुकी है भारत के लिए पहले स्थान पर आना मुश्किल नजर आ रहा है ।

पुरुष वर्ग में भारतीय टीम नें आज चौथे बोर्ड पर अर्जुन एरिगासी की ट्रान मिन्ह पर शानदार जीत के चलते वियतनाम को 2.5-1.5 से पराजित किया । फले बोर्ड पर डी गुकेश , दूसरे बोर्ड पर आर प्रज्ञानन्दा और तीसरे

बोर्ड पर विदित गुजराती नें अपने मुक़ाबले ड्रॉ खेले अब कल भारत का मुक़ाबला अपेक्षाकृत कमजोर टीम कोरिया से होगा जबकि सबसे आगे चल रहे ईरान को फिलीपींस टक्कर देगा । 7 राउंड के बाद ईरान 12 तो भारत 11 अंक बनाकर अंक तालिका में पहले दो स्थान पर चल रहे है । महिला वर्ग में आज भारत नें कजाकिस्तान से बाजी ड्रॉ खेली और इसके साथ ही चीन 13 अंको के साथ पहले स्थान पर मजबूत हो गया है । भारत के लिए दूसरे बोर्ड पर हरिका द्रोणावल्ली नें एकमात्र जीत दर्ज की और कमालीदेनोवा मेरुर्ट को मात दी जबकि पहले बोर्ड पर कोनेरु हम्पी और चौथे बोर्ड पर वन्तिका अग्रवाल ने बाजी ड्रॉ खेली । तीसरे बोर्ड पर वैशाली आर को अब्दुमालिक ज़ंहसाया से हार का सामना करना पड़ा । फिलहाल 7 राउंड के बाद भारत 11 अंको के साथ दूसरे स्थान पर है और कल हाँग काँग से जीतकर टीम अपना रजत पदक पक्का कर सकती है ।

पाकिस्तानी मीडिया को वीजा देना BCCI का काम, वह प्रयास कर रहा है : आईसीसी

हैदराबाद। पाकिस्तानी प्रशंसकों और मीडिया को वीजा दिए जाने में देरी पर पीसीबी द्वारा फिर निराशा जताये जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा कि बीसीसीआई भारत में विश्व कप की कवरेज के लिए आने का इंतजार कर रहे पाकिस्तानी पत्रकारों को वीजा दिलाने के लिए प्रयास कर रहा है। करीब 60 पाकिस्तानी पत्रकार विश्व कप कवर करने भारत आने का इंतजार कर रहे हैं।

नीदरलैंड के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच में पाकिस्तान को काफी घरेलू समर्थन मिला लेकिन पाकिस्तान का कोई

पत्रकार या प्रशंसक मौजूद नहीं था। कराची में जन्मे मोहम्मद बशीर अमेरिकी नागरिक हैं और यहां पाकिस्तान की हौसलाअफजाई के लिए आए हैं। आईसीसी विश्व कप का आयोजक है तो बीसीसीआई मेजबान। आईसीसी प्रवक्ता ने कहा, 'वीजा दिलाना मेजबान बीसीसीआई का काम है और हमारे पूरे सहयोग के साथ वह इस पर काम कर रहा है। इस मसले को सुलझाने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। पीसीबी के एक प्रवक्ता ने कहा, 'हम आईसीसी को बार बार याद दिला रहे हैं कि प्रशंसकों और पत्रकारों को वीजा दिलाना उसका दायित्व है। हम आगे भी यह मसला उठाते रहेंगे। आईसीसी विश्व कप में पाकिस्तान का पहला मैच कवर करने के लिए भारतीय वीजा को लेकर अनिश्चितता की स्थिति देखकर निराशा हुई।' पाकिस्तानी पासपोर्ट धारक का वीजा आवेदन भारत में गृह, विदेश और खेल मंत्रालय से होकर गुजरता है।

राहुल द्रविड़ ने की पुष्टि- शुभमन बेहतर महसूस कर रहे, WC ओपनर से नहीं हुए बाहर

हैदराबाद। टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ (Rahul Dravid) ने पुष्टि की है कि स्टार ओपनर शुभमन गिल (Shubman Gill) को अभी बाहर नहीं किया गया है क्योंकि वह बेहतर महसूस कर रहे हैं। युवा बल्लेबाज को डेंगू का पता चला है और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के क्रिकेट विश्व कप 2023 (Cricket World Cup 2023) के पहले मैच से पहले चेन्नई में प्रशिक्षण सत्र में शामिल नहीं हुए थे।

सुबह तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के लिए शुभमन की उपलब्धता पर संदेह रहा लेकिन द्रविड़ ने कहा है कि अभी भी 36 घंटे बाकी हैं और मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है। द्रविड़ ने प्रेस वार्ता में कहा कि शुभमन गिल बेहतर महसूस कर रहे हैं, हमारे पास 36 घंटे हैं, मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है, उन्हें अभी बाहर नहीं किया गया है।

बता दें कि शुभमन इस साल शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वह आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में इस समय नंबर 2 पर हैं। 23 साल

के इस ओपनर ने इस साल 20 मैचों में 1230 रन बनाए हैं और एक ऐतिहासिक दोहरा शतक भी लगाया था। टीम इंडिया ने विश्व कप में पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बीते दिनों हुई वनडे सीरीज में भी शुभमन ने शतक लगाया था।

विश्व कप 2023 के लिए भारतीय टीम:

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव ।

विश्व कप 2023 में भारत का शैड्यूल

भारत अपने 9 लीग मैच 9 अलग-अलग स्थानों पर खेलेगा। देखें सूची-

8 अक्टूबर : भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, चेन्नई, दोपहर 2 बजे

11 अक्टूबर : भारत बनाम अफगानिस्तान, नई दिल्ली, दोपहर 2 बजे

14 अक्टूबर = भारत बनाम पाकिस्तान, अहमदाबाद, दोपहर 2 बजे

19 अक्टूबर : भारत बनाम बांग्लादेश, पुणे, दोपहर 2 बजे

22 अक्टूबरः भारत बनाम न्यूजीलैंड, धर्मशाला, दोपहर 2 बजे

29 अक्टूबरः भारत बनाम इंग्लैंड, लखनऊ, दोपहर 2 बजे

2 नवंबर : भारत बनाम श्रीलंका, मुंबई, दोपहर 2 बजे

5 नवंबर : भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, कोलकाता, दोपहर 2 बजे

11 नवंबर : भारत बनाम नीदरलैंड, बेंगलुरु, दोपहर 2 बजे

रीडिंग (ब्रिटेन)(द कन्वरसेशन)। माना जाता है कि अगर कोई अवसाद ग्रस्त है तो वह हर वक्त दुखी या हताश महसूस करेगा। लेकिन कई लोगों को यह नहीं मालूम कि अवसाद का केवल यही लक्षण नहीं है। अवसाद का एक और लक्षण है कि आपको उन चीजों में अब मजा नहीं आता या उनमें दिलचस्पी नहीं होती जिनमें पहले होती थी और इस लक्षण को कई बार नजरअंदाज कर दिया जाता है। इस लक्षण को 'एनहेडोनिया' के नाम से जाना जाता है और यह अवसाद से जूझ रहे 75 प्रतिशत वयस्कों तथा युवाओं में देखा जाता है। यह लक्षण बहुत आम है लेकिन इसके बावजूद इसका इलाज तथा इससे निपटना मुश्किल है।

खुशी न मिलना भी अवसाद का लक्षण

किसे कहते हैं अवसादग्रस्त

एनहेडोनिया को सभी या लगभग हर उस गतिविधि में दिलचस्पी कम होने के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनका कोई व्यक्ति पहले आनंद उठाता था। अगर किसी व्यक्ति को कम से कम दो हफ्ते से लगातार एनहेडोनिया है तो उसे अवसादग्रस्त कहा जा सकता है भले ही वह दुखी या हताश महसूस न कर रहा हो। अवसाद के बारे में जिन युवाओं का गहनता से साक्षात्कार लिया गया, उसमें पाया गया कि एनहेडोनिया केवल खुशी का खोना ही नहीं बल्कि मनपसंद कामों को करने के लिए प्रेरणा की कमी होना भी है। ऐसे में सलाह दी जाती है कि हल्के अवसाद का इलाज, बात करने (टॉक) थेरेपी से किया जाए। गंभीर अवसाद से जूझ रहे लोगों को अवसाद के इलाज में कारगर दवाएं लेने की सलाह दी जाती है।

ये सभी उपचार अवसाद के लक्षणों पर काबू पाने में मदद करने के उद्देश्य से किए जाते हैं लेकिन आधे से ज्यादा लोगों पर पहली बार उपचार का कोई फर्क नहीं पड़ता। बल्कि उपचार का तरीका बदलने के बाद भी तकरीबन 30 प्रतिशत मरीजों को अवसाद के लक्षण महसूस होते हैं। दलील दी गयी है कि इलाज के प्रभाव की इस कम दर का कारण एनहेडोनिया से सही तरीके से न निपटना हो सकता है।

इलाज के विकल्प

एनहेडोनिया जटिल हो सकता है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि इससे पीड़ित लोगों के लिए कोई उम्मीद नहीं है। अनुसंधान से पता चलता है कि बातचीत थेरेपी एनहेडोनिया से निपटने में मदद कर सकती है। हाल में एक प्रायोगिक अध्ययन में यह भी

पाया गया कि एक नयी प्रकार की 'टॉक थेरेपी' अवसाद के इलाज में संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी से बेहतर काम कर सकती है क्योंकि इस थेरेपी में मरीज के नकारात्मक और सकारात्मक दोनों अनुभवों पर ध्यान केंद्रित कर खासतौर से एनहेडोनिया का इलाज किया जाता है। इसके अलावा डोपामाइन जैसी दवा भी एनहेडोनिया के मरीजों के उपचार में कारगर हो सकती है। अगर आप एनहेडोनिया से जूझ रहे हैं तो आपके लिए प्रेरणा तलाशना मुश्किल हो सकता है लेकिन मनोरंजक गतिविधियों या किसी शौक के लिए वक्त निकालने से एनहेडोनिया से निपटने में मदद मिल सकती है।

टॉक थेरेपी' अवसाद के इलाज में संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी से बेहतर काम कर सकती है क्योंकि इस थेरेपी में मरीज के नकारात्मक और सकारात्मक दोनों अनुभवों पर ध्यान केंद्रित कर खासतौर से एनहेडोनिया का इलाज किया जाता है।

कोविड के कारण

शरीर के कई अंग हो सकते हैं खराब, रिसर्च में खुलासा

सैन फ्रांसिस्को (आईएएनएस)। शोधकर्ताओं की एक टीम ने पाया है कि मानव शरीर की कोशिकाओं के ऊर्जा उत्पादक माइटोकॉन्ड्रिया के जीन पर कोरोना वायरस नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। इससे फेफड़ों के अलावा कई अंग खराब हो सकते हैं। माइटोकॉन्ड्रिया मानव शरीर की प्रत्येक कोशिका में पाया जाता है। साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, माइटोकॉन्ड्रिया उत्पन्न करने के लिए जिम्मेदार जीन हमारी कोशिकाओं के केंद्रक में स्थित परमाणु (न्यूक्लियर) डीएनए और प्रत्येक माइटोकॉन्ड्रियन के भीतर स्थित माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए (एमटीडीएनए) दोनों में फैले हुए हैं।

एसएआरएस-सीओवी-2 माइटोकॉन्ड्रिया को कैसे प्रभावित करता है, इसे समझने के लिए कि शोधकर्ताओं ने प्रभावित मरीजों, पशु मॉडलों से नासॉफिरिन्जियल और ऑटोप्सी ऊतकों के संयोजन का विश्लेषण किया। अध्ययन के पहले लेखक जोसेफ ग्वारनेरी ने कहा कि मानव मरीजों के ऊतक के नमूनों ने हमें यह देखने में मदद दी कि रोग की शुरुआत और अंत में माइटोकॉन्ड्रियल जीन अभिव्यक्ति कैसे प्रभावित हुई। जबकि, पशु मॉडल ने हमें रिक्त स्थान भरने और समय के साथ जीन अभिव्यक्ति के अंतर की प्रगति को देखने में मदद मिली। अध्ययन में पाया गया कि शव परीक्षण ऊतक में, फेफड़ों में माइटोकॉन्ड्रियल जीन अभिव्यक्ति ठीक हो गई थी, लेकिन माइटोकॉन्ड्रियल कार्य दिल के साथ-साथ गुर्दे और यकृत में भी दबा रहा।

हालांकि जब शोधकर्ताओं ने जानवरों के मॉडल का अध्ययन किया और उस समय को मापा जब फेफड़ों में वायरल लोड अपने चरम पर था तो मस्तिष्क में कोई एसएआरएस-सीओवी-2 नहीं पाया गया, वहीं माइटोकॉन्ड्रियल जीन अभिव्यक्ति सेरिबैलम में दब गई थी। इन निष्कर्षों से पता चला कि मेजबान कोशिकाएं प्रारंभिक संक्रमण पर इस तरह से प्रतिक्रिया करती हैं, जिसमें फेफड़े शामिल होते हैं, लेकिन फेफड़ों में माइटोकॉन्ड्रियल कार्य समय के साथ बहाल हो जाता है जबकि अन्य अंगों, विशेष रूप से हृदय में माइटोकॉन्ड्रियल कार्य ख़राब रहता है। सह-वरिष्ठ लेखक डगलस सी वालेस ने कहा कि यह अध्ययन हमें इस बात के पुख्ता सबूत देता है कि हमें कोविड-19 को ऊपरी श्वसन रोग के रूप में देखना बंद करना होगा और इसे एक प्रणालीगत विकार के रूप में देखना शुरू करना होगा जोकि कई अंगों को खराब कर सकता है।

मंगल ग्रह भी पहले रहने लायक रहा होगा : वैज्ञानिक

नयी दिल्ली (भाषा)। वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल ग्रह पर संभवतः किसी समय में शुष्क और आर्द्र मौसम चक्र रहा होगा और इस प्रकार, यह अपने अतीत में किसी समय रहने योग्य रहा होगा। नासा के 'क्यूरियोसिटी' रोवर द्वारा मंगल ग्रह की प्रारंभिक सतह पर देखे गए मिट्टी की दरार के पैटर्न का विश्लेषण वहां पानी की अनियमित उपस्थिति की बात कहता है जिसका अर्थ है कि पानी कुछ समय के लिए मौजूद रहा होगा और फिर यह वाष्पित हो गया होगा। फ्रांस, अमेरिका और कनाडा के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में कहा कि मिट्टी में दरारें बनने तक इस प्रक्रिया की पुनरावृत्ति हुई होगी।



'क्यूरियोसिटी' रोवर पर लगे केमकैम उपकरण से संबंधित प्रमुख अन्वेषक और इस अध्ययन के लेखकों में से एक नीना लान्ज़ा ने कहा, 'ये मिट्टी की दरारें हमें उस परिवर्ती समय को दिखाती हैं जब तरल पानी कुछ मात्रा में था।' ये निष्कर्ष इस संभावना की ओर इशारा करते हैं कि मंगल पर कभी पृथ्वी जैसी आर्द्र जलवायु रही होगी और लाल ग्रह किसी समय रहने योग्य रहा होगा।

आशा भोंसले के 90वें जन्मदिन पर दुबई में लाइव कॉन्सर्ट

नई दिल्ली (आईएएनएस)। सुरों की मल्लिका आशा भोंसले के 90वें जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए आनंद भोंसले और पीएमई एंटरटेनमेंट ने दुबई में एक लाइव कॉन्सर्ट करने की घोषणा की है। यह कॉन्सर्ट 8 सितम्बर को दुबई के प्रतिष्ठित कोका-कोला एरीना में होने वाला है। इस 'लाइव इन कॉन्सर्ट' को लेकर जैकी श्रॉफ, जमील सईदी, नितिन शंकर, सलीम-सुलेमान, पूनम ढिल्लों और पद्मिनी कोल्हापुरे सहित प्रसिद्ध हस्तियों ने अपनी खुशी जाहिर की। इस लाइव कॉन्सर्ट का संचालन आरजे अनमोल करेंगे। यह आयोजन आशा भोंसले के शानदार करियर के लिए एक यादगार पल होगा। गायिका आशा भोंसले ने कहा कि मैं बेहद खुशी से भरी हुई हूं क्योंकि मैं एक दशक बाद मंच पर लौटने की तैयारी कर रही हूं,संगीत मेरी जीवनरेखा रही है।

फिनाले से पहले ही जिया शंकर आउट

मुंबई, (आईएएनएस)। 'बिग बॉस ओटीटी 2' के ग्रैंड फिनाले से पहले एक एविक्शन हुआ। कंटेस्टेंट जिया शंकर को हफ्ते के बीच एलिमिनेशन में बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। ऐसे में शो में अब टॉप 5 कंटेस्टेंट्स बचे हैं। इस हफ्ते घर से बेघर होने वाले अन्य कंटेस्टेंट्स में मनीषा रानी, जिया शंकर और एल्विश यादव शामिल हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में किए गए एक कार्य के बाद तीनों को नोमिनेट किया गया था। लेटेस्ट एपिसोड में जिया द्वारा घर में अपने दोस्तों को अलविदा कहने के बाद, बिग बॉस ने इस सीजन के लिए टॉप 5 फाइनलिस्ट की भी घोषणा की।

सीमा हैदर व सचिन पर बन रही फिल्म के ऑडिशन शुरू

नोएडा (आईएएनएस)। कथित प्यार की खातिर पाक से भारत आई सीमा हैदर और सचिन की लव स्टोरी को लेकर 'कराची टू नोएडा' नाम से फिल्म बनाने की घोषणा करने वाले प्रोड्यूसर अमित जानी ने काम शुरू कर दिया है। बुधवार शाम से ही इस फिल्म के लिए मेल और फीमेल मॉडल को इनवाइट किया गया था और फिल्म का ऑडिशन शुरू कर दिया गया है। नोएडा के सेक्टर 14 में बुधवार शाम 7 बजे से इस फिल्म के लिए ऑडिशन शुरू हो गया। देश भर के अलग-अलग हिस्सों से आए कई महिला और पुरुष मॉडल ने इसमें हिस्सा लिया और ऑडिशन दिया। इसके साथ ही साथ एक पोस्टर भी लॉन्च किया गया है। जिसमें कराची टू नोएडा को 2024 में सिनेमाघरों में दिखाने की बात की गई है। दरअसल मेरठ के रहने वाले अमित जानी ने पहले सीमा हैदर और सचिन मीणा को अपनी बन रही फिल्म में काम करने का ऑफर दिया था। उसके बाद प्रड्यूसर ने सीमा और सचिन पर ही फिल्म बनाने का फैसला लिया और टाइटल कराची टू नोएडा को रजिस्टर्ड कराया। इसके बाद इसकी स्क्रिप्ट लिखने का और अन्य काम शुरू हो गये। बुधवार शाम से इस फिल्म के ऑडिशन के लिए मेल और फीमेल मॉडल को इनवाइट किया गया था और उनका ऑडिशन भी शुरू हो गया।

कार्तिक आर्यन को शादी का प्रपोजल

मुंबई (आईएएनएस)। मेलबर्न में फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' के प्रीमियर पर बॉलीवुड के चॉकलेटी बॉय कार्तिक आर्यन को एक लड़की ने शादी का प्रपोजल दे डाला। एक फैन ने कार्तिक से कहा, मुझे आपसे यह सवाल दोबारा पूछने का मौका शायद कभी न मिले, लेकिन 'क्या आप मुझसे शादी करेंगे? शरमाते हुए कार्तिक ने कहा, एक यहां प्रेम कहानी पूछ रहा है, एक ने शादी का प्रपोजल दे दिया। हो क्या रहा है? यहां मुझे अपना स्वयंवर लग रहा है। 'सत्यप्रेम की कथा' एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है जिसमें अहमदाबाद के एक मध्यवगीय लड़के सत्यप्रेम को फिल्म की पात्र 'कथा' से एकतरफा प्यार हो जाता है। इस फिल्म में कियारा आडवाणी, सुप्रिया पाठक, गजराज राव और शिखा तल्सानिया सहित कई अन्य कलाकार शामिल हैं।

रजनीकांत की जेलर रिलीज

चेन्नई, (भाषा)। सुपरस्टार रजनीकांत के उत्साही प्रशंसकों ने बृहस्पतिवार को पूरे तमिलनाडु में उनकी फिल्म 'जेलर' की रिलीज का जश्न मनाया। इस फिल्म में रजनीकांत ने 'टाइगर' के मुथुवेल पांडियन की भूमिका निभाई है। बताया जाता है कि राज्य भर के सिनेमाघर सप्ताह भर के लिए बुक हो चुके हैं। यहां उत्सव जैसा माहौल नजर आया क्योंकि प्रशंसक पहले दिन के पहले शो के लिए एकत्रित होकर खुशी से

पूरे तमिलनाडु में जश्न

झूम रहे थे। सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित और नेल्सन दिलीपकुमार द्वारा निर्देशित इस एक्शन फिल्म के टीज़र को अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी जिसे देखते हुए फिल्म से उम्मीदें काफी बढ गई थीं। एक जापानी जोड़ा भी फिल्म देखने के लिए चेन्नई आया है। जापान में रजनीकांत फैन क्लब के प्रमुख यासुदा हिदेतोशी ने कहा-'हुकुम-टाइगर का हुकुम (टाइगर का आदेश).... 'जेलर' फिल्म देखने के लिए हम जापान से चेन्नई आए हैं।'हिदेतोशी ने फिल्म का यह संवाद दोहराया "इंगा नान थान किंगु....।"उन्होंने कहा कि वह 20 सालों से भी अधिक समय से रजनीकांत की फिल्में देख रहे है जिसकी शुरुआत 'मुथु' से हुई थी।

थ्रेड्स में पोस्ट को सीधे इंस्टाग्राम डीएम पर कर सकेंगे शेयर

सैन फ्रांसिस्को (आईएएनएस)। मेटा के संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने इस सप्ताह थ्रेड्स में आने वाले नए फीचर्स की घोषणा की है, जिसमें इंस्टाग्राम डायरेक्ट मैसेज (डीएम) में सीधे पोस्ट शेयर करने की क्षमता, एक मेंशन बटन और बहुत कुछ शामिल है। जुकरबर्ग ने बुधवार को पोस्ट किया, पोस्ट को सीधे अपने इंस्टाग्राम डीएम पर शेयर करें। उन्होंने एक नए मेंशन बटन की भी घोषणा की जो यूजर्स को थ्रेड में किसी के अकाउंट का आसानी से उल्लेख करने और फोटो या वीडियो में कस्टम ऑल्ट-टेक्स्ट जोड़ने की क्षमता में मदद करेगा। इंस्टाग्राम के प्रमुख एडम मोसेरी ने थ्रेड्स पर नए फीचर्स की भी घोषणा की, जिन्हें इस सप्ताह की शुरुआत में देखा गया था।

उन्होंने आधिकारिक तौर पर योर लाइक्स ऑप्शन पेश किया जो यूजर्स को उनकी पसंद की पोस्ट देखने की अनुमति देता है, और यूजर्स द्वारा फॉलो किए जाने वाले अकाउंट्स को क्रमबद्ध करने की क्षमता देता है। मोसेरी ने कहा, हमने मास्टोडॉन जैसे प्लेटफॉर्म पर आइडेंटिटी वेरिफाई करने में मदद करने के लिए थ्रेड्स सपोर्ट भी शुरू किया है। अब आप अपनी आइडेंटिटी वेरिफाई करने के लिए समर्थित प्लेटफॉर्म पर अपना थ्रेड्स प्रोफ़ाइल लिंक जोड़ सकते हैं।

एम पी में चुनाव आचार संहिता से पहले नारियल फोड़ने की प्रतियोगिता, जल्दबाजी में हो रहे भूमिपूजन

ग्वालियर।मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कभी भी आचार संहिता लग सकती है. आचार संहिता लगने का डर अब नेताओं को सताने लगा है. जल्दबाजी में नेताओं ने उन प्रोजेक्टों का भी नारियल फोड़कर भूमि पूजन कर दिया है, जिनमें तकनीकी खामी, किसी के टेंडर तो कुछ का सर्वे तक नहीं हुआ है. ग्वालियर विधानसभा में ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने एक ही दिन में 100 करोड रुपए के विकास कार्यों का

लोकार्पण और भूमि पूजन किया. इसके साथ ही ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में 925 करोड़ के कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया.वहीं डबरा विधानसभा में भी सिंधिया ने करोड़ों रुपए के कार्यक्रमों का भूमि पूजन किया. बता दें कि भूमि पूजन और लोकार्पण को लेकर अब सियासत तेज हो गई है. कांग्रेस का कहना है कि सीएम शिवराज सिंह चौहान घोषणा वीर मुख्यमंत्री के साथ नारियल वाले बाबा भी हैं. अब उनके मंत्री भी उनके नक्शे कदम पर चल रहे हैं..

पनीर की सब्जी खाने के बाद बिगड़ी हालत, 100 छात्र अस्पताल में भर्ती

ग्वालियर में पनीर की सब्जी खाने के बाद 100 स्टूडेंट्स को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है. स्टूडेंट्स मध्य प्रदेश के ग्वालियर में लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान में पढ़ते हैं. ये मामला मंगलवार को पेश आया था. एलएनआईपीई के रजिस्ट्रार अमित यादव ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि 100 छात्रों में से लगभग 70 को दवा दी गई, 25 से ज्यादा को आईवी ड्रिप लगाई गई और कई को आईसीयू में रखा गया है.

अस्पताल में भर्ती है स्टूडेंट्स–छात्रों को मंगलवार रात सरकारी जयारोग्य अस्पताल ले जाया गया. सोशल मीडिया पर वीडियो में, एलएनआईपीई छात्रों को अस्पताल के बिस्तर पर आराम करते और आईवी ड्रिप के जरिए इलाज कराते देख जा सकता है. एएनआई से बातचीत करते हुए जयारोग्य अस्पताल के अधीक्षक डॉ आरकेएस धाकड़ ने कहा कि छात्रों में से एक की हालत गंभीर थी और वह वेंटिलेटर पर था. छात्रों की उम्र 18 से 25 साल के बीच है

उन्हें दुनिया में हिंदुस्तान का डंका बजना अच्छा नहीं लगता, विपक्ष पर जमकर बरसे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास विरोधी राजनीति के लिए विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि उनके (विपक्ष के) पास कोई सोच या 'रोडमैप' नहीं है और मौजूदा सरकार के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में देश की प्रगति देखने से उन्हें नफरत है.पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विरोधी दलों को वैश्विक मंचों पर आजकल देश की हो रही प्रशंसा पसंद नहीं है. उन्होंने कहा, 'पूरी दुनिया भारत का गौरव गान कर रही है. आज दुनिया को भारत में अपना भविष्य दिखता है, लेकिन जो राजनीति में उलझे हैं और जिन्हें कुर्सी के सिवाय कुछ नजर नहीं आता है, उन्हें आज दुनिया में हिंदुस्तान का डंका बजना भी अच्छा नहीं लगता है.'

एम पी की इस सीट पर 2008 से चल रहा कांग्रेस का दबदबा, क्या बीजेपी इस बार दिखाएगी दम,

मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में सूबें की सारी पार्टियां लगी हुई हैं. खासकर बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के लिए ये चुनाव प्रतिष्ठा का विषय बन गया है. दोनों के लिए एक-एक सीट बहुत महत्वपूर्ण है. इसी सिलसिलें में बात करेंगे भितरवार विधानसभा सीट की जो ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र के अंदर आता है. 2008 के चुनाव के बाद यह सीट कांग्रेस का गढ़ बनती जा रही है, कांग्रेस के लाखन सिंह यादव यहां से लगातार तीन चुनाव जीत चुके हैं, पिछले दो विधानसभा चुनाव से बीजेपी के दिग्गज नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के भांजे अनूप मिश्रा चुनाव में खड़े हो रहे है पर पार्टी को जीत नहीं दिला पा रहे हैं.

भितरवार के जातिगत समीकरण–यहां सबसे ज्यादा क्षत्रिय के लगभग 52000 वोटर है. उसके बाद रावत 25 हजार, यादव 22 हजार, कुशवाहा 20 हजार, मुस्लिम और बघेल 13 हजार, ब्राह्मण और गुर्जर 10 हजार, क्षत्रिय 5 हजार एवं वैश्य 2 हजार वोटर है. लाखन सिंह यादव की इस सीट पर इतनी मजबूत पकड़ है कि बीजेपी इस किलें को भेद नही पाई हैं. इनको 2018 की कमलनाथ सरकार में पशुपालन मंत्री का पद दिया गया था. भाजपा भितरवार से इस बार किसी नए चेहरे को मौका दे सकती है.

भितरवार सीट का राजनीतिक इतिहास –पहले इस सीट को गिर्द विधानसभा के नाम से जाना जाने वाला, 2008 के परिसीमन के बाद इसे भितरवार के नाम से जाना जाता है, यहां के जातिगत समीकरण को समझने के बाद ये समझते है कि इस सीट से किस पार्टी से कौन विधायक चुन कर आए हैं-

सिंधिया समर्थक इमरती देवी के सामने नेहा परिहार लाखों के आरोप में घिर गईं महाराज की सिपहसालार

ग्वालियर। लघु उद्योग निगम की अध्यक्ष और सिंधिया समर्थक पूर्व मंत्री इमरती देवी पर गंभीर आरोप लगे हैं. इमरती देवी पर बीजेपी की जिला पंचायत सदस्य ने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है. इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष बनवाने के नाम पर ली गई लाखों की रकम को वापस मांगने और विधानसभा चुनाव में दावेदारी करने पर धमकी देने का गम्भीर आरोप लगाया है. मामले की शिकायत एसपी से की गई है, जिस पर जांच के आदेश दिए

हैं.दरअसल ग्वालियर जिला पंचायत में वार्ड क्रमांक 9 डबरा से जिला पंचायत सदस्य नेहा परिहार ने पूर्व मंत्री इमरती देवी पर गंभीर आरोप लगाए हैं. नेहा परिहार का आरोप है कि वह डबरा से विधानसभा चुनाव के लिए टिकट की दावेदारी कर रही है. इस बात की जानकारी इमरती देवी को जैसे ही लगी उन्होंने फोन कर जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया है. इसके साथ ही उनके पति मुकेश परिहार पर झूठे आरोप लगवाते हुए एफआईआर दर्ज करवाने की भी बात कही है.

पुरानी संसद में साथ दिखे पुराने साथी, सोनिया गांधी के पास बैठे सिंधिया, क्या आपने देखी यह रोचक तस्वीर

पुरानी संसद में साथ दिखे पुराने साथी, सोनिया गांधी के पास बैठे सिंधिया, क्या आपने देखी आज पुरानी संसद भवन से नए संसद भवन में जाने से पहले कई रोचक तस्वीरें देखने को मिली. लेकिन एक तस्वीर ऐसी थी, जिसने मध्यप्रदेश की राजनीति से लेकर देश की राजनीति में अलग ही चर्चा पैदा कर दी. दरअसल में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया

गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया एक ही सीट पर अगल-बगल बैठे दिखाई दिए. इस तस्वीर के सामने आने के बाद मध्य प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है. बता दें कि आज संसद भवन के सेंट्रल हॉल में केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आगे बढ़कर सबसे आगे बैठी सोनिया गांधी का अभिवादन किया. फिर सिंधिया ने सोनिया गांधी के पास खड़े अधीर रंजन चौधरी से भी बात की.

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पहुंचे ग्वालियर रेलवे स्टेशन, खुद लिया काम का जायजा

ग्वालियर।भारत सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज औचक निरीक्षण करने ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए. निरीक्षण के दौरान उन्होंने नए रेलवे स्टेशन के मैप व जगहों को देखा. दरअसल ग्वालियर रेलवे स्टेशन को भारत सरकार द्वारा 500 करोड़ की लागत से रीडेवलप किया जा रहा है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर चल रहे री-डेवलपमेंट वर्क की प्रोग्रेस पर प्रशंसा की. उन्होंने कहा बहुत अच्छी तरह से रेलवे स्टेशन के री डेवलपमेंट का काम चल रहा है.रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ग्वालियर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भारत के 1300 रेलवे स्टेशन में शामिल किया गया है. ग्वालियर रेलवे स्टेशन एक हेरिटेज रेलवे स्टेशन है. ग्वालियर रेलवे स्टेशन का हेरिटेज लुक में रीडिवेलपमेंट किया जा रहा है. इस स्टेशन को सर्व सुविधा युक्त रेलवे स्टेशन बनाने का जो काम किया जा रहा है. उसका मैंने पूरी तरह रिव्यू किया है, मैं काम से संतुष्ट हूं.

पशु चिकित्सकों की निगरानी में एयरफोर्स परिसर में नीलगायों को पकड़कर कूनो में छोड़ा जाएगा

ग्वालियर । एयरफोर्स परिसर में नीलगाय को पकड़ने का काम पशु चिकित्सकों की निगरानी में होगा। इसके लिए वन विभाग ने पशु चिकित्सकों की टीम से सपंर्क कर लिया है और कार्य योजना तैयार है। अब पशु चिकित्सकों की मौजूदगी में बोमा तकनीक से पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी।एयरफोर्स परिसर में 200 से ज्यादा नीलगाय हैं जिनके कारण परेशानी होती है। देश के महत्वपूर्ण एयरबेस में शामिल ग्वालियर एयरबेस पर नीलगायों को हटाने के लिए लंबे समय से तैयारी चल रही थी जो अब पूरी होने वाली है। इन नीलगायों को कूनो में छोड़ा जाएगा जिसको लेकर कूनो प्रबंधन ने भी सहमति दे दी है। एयरफोर्स स्टेशन में अलग-अलग परिसर में लगभग 200 नीलगाय हैं। हालांकि कूनो में पहले से ही करीब तीन हजार नीलगाय हैं, इनसे चीतों को कोई नुकसान नहीं है।

एयरफोर्स स्टेशन परिसर में नीलगाय बड़ी समस्या–बता दें कि महाराजपुरा स्थित एयरफोर्स स्टेशन परिसर में नीलगाय बड़ी समस्या बनी हुई हैं। रनवे पर आने से लेकर

यह रहवासी क्षेत्र तक में घूमती हैं और इनके कारण बड़े नुकसान या हादसे की आशंका रहती है। इसको लेकर वन विभाग, एयरफोर्स और प्रशासन के अधिकारियों की पूर्व में बैठक हो चुकी है, जिसपर नीलगाय की समस्या को दूर करने पर मंथन हुआ था। इसी दौरान प्रस्ताव तैयार करने पर सहमति बनी थी, जिसमें नीलगाय को मारने का सुझाव भी शामिल किया गया था। इस बैठक के बाद अब वन विभाग की ओर से यह प्रस्ताव राज्य सरकार की ओर प्रेषित है, लेकिन अनुमति नहीं मिली। अभी हाल ही में एयरफोर्स के अधिकारियों के साथ वन विभाग व प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें नीलगायों की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई।

बाउंड्रीवाल बनाकर सुरक्षित करने का भी था सुझाव–वन विभाग ने पहले नीलगाय को लेकर बाउंड्रीवाल बनाकर सुरक्षित करने का भी सुझाव दिया था। बैठक में बताया गया था कि छोटी मोटी बाउंड्रीवाल या सरहद को यह पार कर जाती हैं इसलिए इससे भी रोक नहीं लग सकेगी। नीलगाय घो? जितनी बड़ी होती है, पर उसके शरीर की बनावट संतुलित नहीं होती। पृष्ठ भाग अग्रभाग से कम ऊंचा होने से दौड़ते समय यह अत्यंत अटपटा लगता है। इसका वजन 120 किलो से 240 किलो तक होता है और हाइवे पर सड़क हादसों का भी बड़ा कारण है।

मध्यप्रदेश का 55वां जिला पांढुर्णा पहुंचे मुख्यमंत्री, बोले- कमलनाथ ने यहां के लोगों के साथ नहीं किया न्याय

सीएम ने कहा– कमलनाथ ने पांढुर्णा, सौंसर के साथ न्याय नहीं

कियाछिंदवाड़ा। मेरे दिल की इच्छा थी कि पांढुर्णा जिला बने यही वजह है कि अब ये सपना सच हो गया है। मैं नए कलेक्टर और एसपी को लेकर आया हूं उक्त उदगार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पांढुर्णा में कलेक्ट्रेट भवन के लोकार्पण के दौरान व्यक्त किए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पांढुर्णा में शनिवार को कहा, कमलनाथ ने कामठी जलाशय की योजना से पांढुर्णा को पानी नहीं पीने दिया। हम पानी की योजना को जल्द पूरा करेंगे। कमलनाथ ने पांढुर्णा, सौंसर के साथ न्याय नहीं किया। जितना अन्याय कमलनाथ ने किया, ब्याज सहित आपकी सेवा कर उस अन्याय को समाप्त शिवराज सिंह करेगा।जिला बनने के बाद पहली बार पांढुर्णा आए मुख्यमंत्रीसीएम ने ऐलान करते हुए कहा कि पांढुर्णा में संत जगनाडे जी महाराज की प्रतिमा लगाई जाएगी। पांढुर्णा जिला बनने के बाद मुख्यमंत्री पहली बार यहां आए। पांढुर्णा जिले के पहले कलेक्टर अजय देव शर्मा और एसपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने पदभर भी ग्रहण किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमरवाड़ा गोलीकांड में जान गंवाने वाले डॉक्टर दंपती की दोनों बेटियों को सहारा देने की बात कही। मंच पर उन्हें आशीर्वाद दिया। कहा कि दोनों बेटियों का मामा सहारा बनेगा।**पांढुर्णा प्रदेश का 55 वां जिला**–पांढुर्णा प्रदेश का 55 वां जिला बन गया है और आज से अस्तित्व में आ जाएगा। नए जिले के साथ ही सबसे छोटे जिले का तमगा भी पांढुर्णा को मिला है

जेतल कंस्ट्रक्शन से 14 नहीं 21 लाख रु. वसूले जाएंगे

ग्वालियर । हाइकोर्ट में चल रहे मामले में जेतल बिल्डर से फ्लैट की रकम के रूप में 14 नहीं, बल्कि लगभग 21 लाख रुपए वसूले जाएंगे। हाइकोर्ट ने प्रशासन को चार माह का समय दिया है, जिसमें उन्हें जेतल कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर वीरेंद्र गुप्ता की सम्पत्ति कुर्क कर रकम वसूलना होगी। हालांकि प्रक्रिया पहले ही पूरी हो जाना चाहिए थी। ज्वाइंट कलेक्टर ने तहसीलदार को लिखित में आपत्ति जताते हुए कहा था कि इस मामले में रकम वसूलने में वह रुचि नही ले रहे हैं जो खेदजनक है।बता दें कि इस मामले के हाइकोर्ट में याचिका लगाने वाले रिशी मिश्रा जो बीएसएफ में डिप्टी कमांडेंट है, उन्होंने जेतल कंस्ट्रक्शन के प्रोजेक्ट में फ्लेट बुक करवाया था। सभी कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद

भी याची को समय पर पजेशन नहीं मिला। कुछ समय बाद बिल्डर और उसका प्रोजेक्ट फेल हो गए, जिससे लोगों के फ्लेट अटक गए। याची ने रेरा में केस फाइल किया। केस लडने के बाद बिल्डर को याची की पूरी रकम मय ब्याज के वापस करने का आदेश भी दिए गए, लेकिन जब पैसा वापस नहीं दिया गया तो याची ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने मामले की गंभीरता समझते हुए आदेश दिया कि 8 प्रतिशत ब्याज की दर से प्रशासन याची की रकम को वसूले, कलेक्टर ने इसके चलते तहसीलदार को निर्देश दिए लेकिन वसूली नहीं हो सकी। इसके बाद याची ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रकम वसूले जाने की मांग रखी है।फूड प्वाइजनिंग के चलते हजार बिस्तर में उपचार ले रहे एलएनआइपी के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य में दिन प्रतिदिन सुधार हो रहा है। शनिवार को 11 विद्यार्थी डिस्चार्ज हुए, जबकि पांच विद्यार्थी अब भी उपचार ले रहे हैं, जिसमें से एक छात्रा आइसीयू में भर्ती है। जो पांच विद्यार्थी भर्ती है, उन्हें पेट व सिर दर्द और बुखार की शिकायत बताई जा रही है। इनमें से एक छात्रा की जांच में डेंगू की पुष्टि हुई है, जिसका उपचार डाक्टरों ने शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि दो अक्टूबर को एलएनआईपीई की मैस में भोजन करने के बाद छात्र फूड प्वाइजनिंग के शिकार बने थे, जिन्हें 3 अक्टूबर की रात को भर्ती किया गया था। कुल 153 विद्यार्थी भर्ती हुए थे, जिन्में से 148 अबतक डिस्चार्ज हो चुके हैं। अब पांच विद्यार्थी उपचार ले रहे हैं,अगले दो से तीन दिन में डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478